चौधरी प्रकाशन संस्थान का तृतीय पुष्प

शतकचूर्णि व्याख्या

(आचार्यवर्य शिवशर्मा द्वारा विरचित)

सम्पादक एवं हिन्दी टीकाकार

सिद्धसागर जी महाराज

प्रस्तावना

डा० कस्तूरचंद कासलीवाल

एम. ए., पी-एच. डी., शास्त्री

गम्भीरमल चौधरी

अध्यक्ष

चौधरी प्रकाशन संस्थान

भोजमाबाद (जयपुर, राजस्थान)

प्राप्ति स्थान :

गम्भीरमल चौधरी

चौधरी प्रकाशन संस्थान

मौजमाबाद, (जयपुर)

प्रथम आवृत्ति

५००

वीर परिनिर्वाण सं० २५००

१३ नवम्बर, १९७४

मूल्य ३) रुपये

मुद्रक :

मनोज प्रिन्टर्स

मोदीकों का रास्ता, किशनपोल बाजार,

जयपुर–३ (राज०)

विषय-सूची

प्रकाशकीय

चौधरी प्रकाशन संस्थान की ओर से 'शतक चूर्णि' के रूप में पाठकों के हाथों में दूसरा पुष्प देते हुए हमें अत्यधिक प्रसन्नता है। इसके पूर्व 'सन्मतिसूत्र' का प्रकाशन किया जा चुका है। यह सब पूज्य क्षुल्लक सिद्धसागर जी महाराज की असीम कृपा एवं आशीर्वाद का फल है। जब से क्षु. सिद्धसागर जी महाराज मोजमाबाद पधारे हैं तब ही से साहित्य प्रकाशन की दिशा में कुछ न कुछ कार्य हो रहा है। महाराज श्री स्वयं ज्ञान ध्यान तपोरक्त तपस्वी हैं एवं दिन रात सबसे अधिक समय अध्ययन की ओर लगाते हैं। नवयुवकों में धार्मिक जाग्रति की ओर आपका विशेष लक्ष्य रहता है और इस दिशा में आपको अत्यधिक सफलता भी मिली है। मोजमाबाद क्षेत्र के युवकों में आपके प्रति गहरी श्रद्धा है।

मोजमाबाद प्राचीनकाल से ही जैन धर्म का केन्द्र रहा है और आज भी ढूढ क्षेत्र का यह प्रमुख नगर है । इस सम्बन्ध में डा. कासलीवाल समय-समय पर हम लोगों को बताते रहे हैं और प्रस्तुत पुस्तक में भी मोजमाबाद पर उन्होंने एक छोटा सा परिचय लिखने की कृपा की है । प्रस्तुत पुस्तक का प्रकाशन उन्हीं की देखरेख में हुआ है। आपने इस पुस्तक की प्रस्तावना लिखने का भी कष्ट किया है। इसके लिए हम उनके पूर्ण आभारी हैं। चौधरी प्रकाशन संस्थान की स्थापना में महाराज श्री का आशीर्वाद एवं डा. कासलीवाल सा. की प्रेरणा का ही प्रमुख योगदान रहा है। आशा है कि आप दोनों का भविष्य में भी इसी तरह सहयोग मिलता रहेगा।

चौधरी प्रकाशन संस्थान का उद्देश्य छोटे-छोटे पुष्पों द्वारा जन साधारण में स्वाध्याय की प्रवृत्ति को जाग्रत करना है। इसलिए उसके द्वारा धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक सभी विषयों पर आध्यात्मिक पुस्तकों का प्रकाशन होगा। हमारा तीसरा पुष्प "मोजमाबाद-राजस्थान का ऐतिहासिक व सांस्कृतिक नगर" इस नाम से होगा। मेरा सभी पाठकों व स्वाध्याय प्रेमियों से अनुरोध है कि हमारे प्रकाशनों को मन्दिरों के शास्त्र भण्डारों के लिए खरीदकर इनके प्रचार व प्रसार में सहायक बनें। जितनी अधिक संख्या में इन प्रकाशनों का स्वाध्याय होगा उतना ही हम अपने प्रयास को सफल समझेंगे।

मोजमाबाद
१३ नवम्बर, ७४

गम्भीरमल चौधरी

सम्पादकीय

शतकचूर्णि आदिक ग्रन्थ तत्त्वार्थसूत्र की भांति अन्यत्र भी कुछ परिवर्तन के साथ अपना लिए गए हैं दिगम्बर ग्रन्थों की प्राकृत चूर्णियों का अनुसरण उन लोगों में पाया जाता है किन्तु वे परिवर्तन पूर्वक अपनाई गई हैं। तुलनात्मक अध्ययन से यह स्पष्ट ही है। कीर्तिधर विमल के पउमचरिय में ऋषभादिक के चातुर्मास का उल्लेख नहीं है तथा वह श्वेताम्बर मान्यता के विरुद्ध है तथा वह श्वेताम्बरों के आगमो में से पूर्व में रचा जा चुका था। विक्रम की प्रथम शती में पउम चरिय रचा गया था। किन्तु शतकचूर्णि आदिक की रचना यतिवृषी के पश्चात् हुई है। इन चूर्णियों की रचनादिक के विषय में विद्वानों का मतभेद है। शतक, सत्तरी, बृहद कम्मपयडि आदिक ग्रन्थ दिगम्बरों में भी हैं जिनका कुछ परिवर्तन के साथ श्वेताम्बरों ने भी अनुसरण किया है। मूल ग्रन्थों के विषय में भी मतभेद है। प. हीरालाल शास्त्री आदि उन्हें बहुत प्राचीन दिगम्बर आगम मानते हैं। तथा कुछ विद्वान् उनके परिवर्तित रूपों को देखकर उन्हें सातवीं आठवीं शती तक का भी मानते हैं। इसमें शक नहीं कि श्री हेमचंद्रादिक के द्वारा जो परिवर्तन के साथ इनका अनुसरण संस्कृत में किया गया है वह बारहवीं शती के लगभग का है। शतक चूर्णि आदिक की प्रतियाँ पं. माणिकचन्द जी गदिया केकड़ी ब्यावर के रानीवाले श्रेष्ठी के पास से लाये थे। तथा ये चूर्णियाँ श्वेताम्बरों की चूर्णियों से भिन्न हैं। वर्णन शैली गंगा के प्रवाह के समान है तथा श्रुतसागर को तैरने के लिये या पार करने के लिए ये तरी (दृढ नौका) के समान

हैं। इनके पढ़ने से बंधादिक के विषय में कर्म प्रकृति संबंधी ज्ञान परिमार्जित हो जाता है। डा. कस्तूरचंद कासलीवाल ने जो इसकी प्रस्तावना संपादन तथा प्रूफ संशोधन के विषय में सत् प्रयत्न किया है प्रशंसनीय है। इनके प्रकाशन में गम्भीरमल चौधरी मोजमाबाद के द्वारा अर्थव्यय करके साहित्य सेवा संबंधी महान् कार्य किया है। इनके अनुवाद के समय अर्थ को मूलानुगामी बनाये रखने के लिए ध्यान. रखा गया है। इनकी टीकाओं का अवलोकन लादूलाल एम. ए. बी./टी. के द्वारा भी हो चुका है। यदि छपने के समय कहीं अनुवाद छूट गया हो तो मूल को देखकर सुधार लेवें।

—क्षु. सिद्धसागर नरायना
वीरनिर्वाण सं० २५००.

मोजमाबाद

शाकम्भरी प्रदेश के प्राचीन नगरों में मोजमाबाद का नाम विशेषत: उल्लेखनीय है। इस नगर की स्थापना कब हुई और इसका नाम मोजमाबाद क्यों पड़ा इसकी अभी खोज होना शेष है। लेकिन नरायणा के समीप ही होने के कारण यह नगर भी १२वीं शताब्दी के पूर्व ही अस्तित्व में आ गया था। १६वीं शताब्दी के आरम्भ में मोजमाबाद के मैदान में आमेर के राजा रतनसिंह एवं उसके भाई राजकुमार सांगा में जमकर लड़ाई हुई और अन्त में विजयश्री राजकुमार सांगा के हाथ लगी। इसी राजकुमार सांगा ने अपने नाम से सांगानेर को नया रूप दिया और उसे फलते फूलते नगर के रूप में परिवर्तित किया। विक्रम की १६वीं शताब्दी में मोजमाबाद नगर का वैभव अपनी चरम सीमा पर था। मुगल बादशाह एवं जयपुर के शासक दोनों ही इस नगर से आकृष्ट थे। एक जनश्रुति के अनुसार जयपुर के महाराजा मानसिंह प्रथम का बाल्यकाल का कुछ समय यहीं पर व्यतीत हुआ था और उनकी माताजी का देहान्त भी इसी नगर में हुआ था। जिनकी स्मृति में यहाँ छत्रियाँ बनी हुई हैं। जो रानीजी की छत्री के नाम से आज भी प्रसिद्ध हैं।

संवत् १७९३ चैत्र बुदी २ के दिन मोजमाबाद क्षेत्र में स्थित धमाणा गाँव में जोधपुर के महाराजा अभैसिंह जी पधारे थे जिनके स्वागतार्थ जयपुर के महाराजा सवाई जयसिंह स्वयं उपस्थित थे। वे उस गाँव में आठ दिन रहे तथा विभिन्न राजनैतिक समस्याओं पर विचार-विमर्श किया और दोनों नरेश वहाँ से अपनी अपनी राजधानियों को वापिस गये।

साहित्य एवं कला की दृष्टि से मोजमाबाद की अपनी विशेषता है। इस नगर ने कवियों को जन्म दिया। यह पाण्डुलिपियाँ लिखने वालों का केन्द्र

बना, इसने मन्दिर निर्माण की कला को राजस्थान भर में जागृत किया। हजारों मूर्तियों की प्रतिष्ठापना करके अपना एक नया कीर्तिमान स्थापित किया तथा सैकड़ों ग्रन्थों को सुरक्षित रखकर भारतीय साहित्य को नष्ट होने से बचाया। जिस प्रकार भोपाल के तालाब प्रसिद्ध हैं उसी प्रकार यह नगर भूमिगत मन्दिरों अर्थात् भौंहरों के लिए प्रसिद्ध हैं। इन भूमिगत मन्दिरों में प्रवेश करते ही अपूर्व शान्ति का अनुभव होने लगता है।

जयपुर और अजमेर के मध्य में स्थित यह नगर एक समय साहित्य निर्माण एवं उसके प्रचार का राजस्थान में प्रमुख केन्द्र रहा। विक्रम संवत् १६६० में यहाँ हिन्दी के जैन कवि छीतर ठोलिया हुए जिन्होंने इसी नगर में रहते हुए होलिका चौपाई को छन्दोबद्ध किया। उस समय यह नगर आमेर के महाराजा मानसिंह प्रथम के शासन में था। कवि ने अपनी कृति के अन्त में कृति का समाप्ति काल, नगर वर्णन एवं महाराजा मानसिंह के नाम का उल्लेख किया है जो निम्न प्रकार है।

सोलासे साठे शुभ वर्ष,
फाल्गुण शुक्ल पूर्णिमा हर्ष।
सोहै मोजमाबाद निवास,
पूजै मन की सगली आस।
सोहे राजा मान को राज,
जिहि बांधों पूरन लग पाज।
सुखी सबै नगर में लोग,
दान पुण्य जाने सहु भाग।
यह विधि कलयुग में दिन राति,
जाएँ नहीं दुख की जाति।
छीतर ठोल्यो बिनती करे,
हिवड़ा मांहि जिन वाणी धरे।

छीतर ठोलिया के एक वर्ष पूर्व यहाँ के निवासी नानू गोधा के आग्रह से भट्टारक वादिभूषण के शिष्य आचार्य ज्ञानकीर्ति ने संस्कृत में यशोधर चरित नामक काव्य की रचना करके यहाँ की साहित्य गतिविधियों की वृद्धि में अपना योग-दान दिया। नानू गोधा उस समय महाराजा मानसिंह के प्रधान आमात्य (मन्त्री) थे। जब कवि ने इस ग्रन्थ की समाप्ति की तो नानू गोधा महाराजा मानसिंह के साथ बंगाल के अकबर नगर में थे। कवि ने अपनी कृति के परि-चय भाग में महाराजा मानसिंह को राजाधिराज की उपाधि से सम्बोधित किया तथा लिखा है कि उनके चरण कमल अनेक राजाओं के मुकुटों से पूजित थे, अपनी दान प्रकृति से उन्होंने सारे विश्व को सन्तुष्ट कर रखा था तथा जिसका यश सूर्य के समान चारों दिशाओं में व्याप्त था। ऐसे महाराजा का महान अमात्य था नानू गोधा जिसका यश भी अपने स्वामी के समान चारों दिशाओं में व्याप्त था। जिन्होंने कैलाश तथा सम्मेद शिखर की तीर्थ यात्रायें की थी तथा जिनकी नव साहित्य निर्माण करवाने की ओर विशेष रुचि थी। यशोधर चरित एक प्रबन्ध है। इस काव्य की एक पाण्डुलिपि जयपुर के महा-वीर भवन के संग्रहालय में उपलब्ध है। प्राप्त पाण्डुलिपि सं. १६६१ अर्थात् अपने रचनाकाल के केवल २ वर्ष पश्चात् की ही लिखी हुई है।

सं. १६६४ (सन् १६०७) ज्येष्ठ कृ. ३ के दिन यहाँ विशाल स्तर पर एक पंच कल्याणक प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया था। वह दिन इस नगर के इतिहास का स्वर्ण दिन था। इस दिन यहाँ दिगम्बर जैन मन्दिर का निर्माण होने के पश्चात् एक बड़ा भारी समारोह आयोजित किया गया जो पंच कल्याणक प्रतिष्ठा के नाम से विख्यात है। प्रतिष्ठाकारक थे महाराजा मानसिंह के विश्वस्त अमात्य स्वयं नानू गोधा। इसलिए यह समारोह राजकीय स्तर पर आयोजित किया गया। इसमें राजस्थान के ही नहीं समूचे देश के विभिन्न ग्रामों एवं नगरों से लाखों की संख्या में जैन एवं जैनेतर समाज एकत्रित हुआ और भगवान ऋषभदेव की मूर्ति सहित हजारों की संख्या में जिन मूर्तियों की प्रतिष्ठाविधि सम्पन्न हुई। सम्भव है इस

समारोह में मुगल बादशाह अकबर के प्रतिनिधि तथा स्वयं महाराजा मानसिंह भी सम्मिलित हुए हों, क्योंकि प्रतिष्ठा समारोह एवं मन्दिर निर्माण को देखकर ऐसा लगता है कि जैसे नानू गोधा ने उस समय अपनी समस्त विशाल सम्पत्ति का मुक्त हस्त से वितरण करके उसका संस्कृति, साहित्य एवं कला के विकास में सदुपयोग किया था। इस प्रतिष्ठा में प्रतिष्ठापित जैन मूर्तियां राजस्थान के मन्दिरों में ही नहीं किन्तु मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के विभिन्न मन्दिरों में प्रतिष्ठापित हैं। इस प्रतिष्ठा से मोजमाबाद नगर स्वयं गौरवान्वित हो गया। राजस्थान में उसका विशिष्ट स्थान बन गया। इसी परिवार में संवत् १८१६ में दौलतराम गोधा हुए जिनका जयपुर दरबार ने अपना रूमाल देकर सत्कार किया।

अपनी कला एवं विशालता के लिए शीघ्र ही नानू गोधा द्वारा निर्मा-णित नगर का यह जैन मन्दिर सारे राजस्थान में प्रसिद्ध हो गया। लोग सुदूर प्रान्तों से दर्शनार्थ आने लगे और सैकड़ों वर्षों तक यह उनका तीर्थ स्थान बना रहा। मन्दिर के ऊपर जो तीन शिखर हैं वे मानों दूर से ही जन साधारण को अपनी ओर आमन्त्रित करते हैं तथा साथ ही में जगत् को सम्यक श्रद्धा, सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् आचरण के परिपालन का सन्देश देते हैं। मन्दिर के प्रवेश द्वार से आगे एक विशाल चौक और आता है। जिसके निज मन्दिर के प्रवेश वाला द्वार का भाग अत्यधिक कलापूर्ण है। इसे आठ भागों में विभक्त किया गया है तथा श्वेत एवं लाल पाषाण पर कला की अद्भुत कृतियों को उतारा गया है। मुख्य द्वारों पर विभिन्न भाव नृत्यों के साथ देव देवियों के चित्र हैं। देव तथा देवियां पूर्णतः समलंकृत तथा साज सज्जा सहित दिखाये गये हैं। एक चित्र में सरस्वती अपने हाथ से हंस को मोती चुगा रही है। इन देवियों की विभिम्न नृत्य मुद्रायें देखकर ऐसा आभास होने लगता है मानों दर्शकगण किसी इन्द्र सभा में आ गये हों। प्रवेश द्वार पर गणेशजी की मूर्ति खुदी हुई है जिससे जैन एवं ब्राह्मण संस्कृति के समन्वय का पता चलता है। कहीं पर हाथी अपनी सूंड से जल भर कर तीर्थंकरों का

अभिषेक कर रहा है तो कहीं सिंह वाहिनी देवी की मूर्ति दिखाई देती है। सचमुच लाल एवं श्वेत पाषाण पर दर्षित यह कला भारतीय एवं राजस्थानी कला का अच्छा प्रस्तुतिकरण है।

इस मन्दिर में दो भूमिगत मन्दिर भी हैं। जिनमें तीर्थंकरों की भव्य एवं कलापूर्ण मूर्तियाँ विराजमान हैं। सभी मूर्तियाँ सं० १६६४ में प्रतिष्ठापित हैं। और अपने नानू गोधा की कीर्ति को अनन्तकाल तक स्थाई रखने को उद्यत हैं। भगवान आदिनाथ की जो विशाल पद्मासन मूर्ति है उसमें कलाकार ने मानों अपनी समस्त कला को उडेल दिया है। यह उसके वर्षों की साधना होगी। ऐसी सौम्य एवं मनोज्ञ मूर्तियाँ बहुत कम मन्दिरों में उपलब्ध होती हैं।

मन्दिर निर्माण का कार्य सम्भवतः बराबर चलता रहा होगा और १७८० में ही छत्री निर्माण के साथ वह समाप्त हुआ होगा। छत्री में जो लेख अंकित है उसके अनुसार इसके निर्माण में उस समय ११०१ रु० लगे थे। चौधरी नन्दलाल के पुत्र जोधराज ने इसके निर्माण कराने में अपना योग दिया। मकराना के नागराज बलदेव छत्री निर्माण के प्रमुख शिल्पकार थे।

मोजमाबाद के तालाब के किनारे पर स्थित त्रिपोलिया द्वार आज भी अपने प्राचीन वैभव की याद दिला रहा है। इस पर अंकित जैन मूर्तियों से पता चलता है कि यह भी कोई जैन सांस्कृतिक स्थान था। कुछ वर्षों पूर्व तक यहाँ तीज गणगौर पर अच्छा मेला भरता था। इसके पास आसजी का मन्दिर है कहते हैं मुस्लिम शासकों को यहाँ नागा सम्प्रदाय के एक साधु ने अपने चमत्कार दिखला कर गायों की रक्षा की थी।

मोजमाबाद हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के संग्रह की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। यहाँ के ग्रन्थ संग्रहालय में प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश एवं हिन्दी के ग्रन्थों की पांडुलिपियाँ उपलब्ध होती हैं, जो दर्शन, साहित्य एवं

कला पर शोध करने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण सिद्ध हो सकती हैं। प्रवचनसार (कुन्दकुन्द) जैनेन्द्र व्याकरण, षट्कर्मोपदेशरत्नमाला (अमर कीर्ति) त्रिषष्टि स्मृति (आशाधर) योगसार (अमितगति), तत्वार्थ सूत्र टिप्पण (योगदेव), तथा अपभ्रंश के आदि पुराण पर प्रभाचन्द्र का टिप्पण इन्हीं ग्रन्थों के संग्रह में है। इसी भंडार में कृष्ण-रुक्मणिवेली की एक अत्यधिक प्राचीन एवं शुद्ध पाण्डुलिपि सुरक्षित है। जिस पर लाखा चारण की टीका है। लाखा चारण कृत टीका वाली पाण्डुलिपि अभी तक राजस्थान के अन्य भण्डारों में उपलब्ध नहीं हो सकी है। यशोधर चरित की दो सचित्र पाण्डुलिपियां शास्त्र भण्डार की अमूल्य धरोहर हैं।

नगर के बाहर जो जैन नसियां है उसके मुख्य द्वार पर एक लेख अंकित है। यह लेख संवत् १९३२ का है। जिसमें हिन्दू और मुसलमान बन्धुओं से धार्मिक स्थानों की पवित्रता बनाये रखने का आग्रह किया गया है। यहाँ चार भुजा का प्राचीन वैष्णव मन्दिर भी है। अभी गत आठ दस वर्ष पूर्व ही यहाँ गाँव में विचरने वाले एक सांड का स्मारक बनाया गया है, जो आस-पास के ग्रामीण जनों की श्रद्धा का केन्द्र बनता जा रहा है। मानव मात्र ही नहीं किन्तु पशु तक के प्रति स्नेह एवं श्रद्धा का यह अद्भुत स्मारक है।

जयपुर
१-१०-७४

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

प्रस्तावना

अभिधान राजेन्द्र कोश में चूर्णि पद का निम्न लक्षण किया गया है—

अल्पबहुलं महत्थं हेउ-निवाओव सग्गगंभीरं ।

बहुपाय-मवोच्छिन्नं गयरणयसुद्धं तु चुण्णपयं ॥

अर्थात् जिसमें महान् अर्थ हो, हेतु निपात और उपसर्ग से मुक्त हो, गम्भीर हो, अनेक पदसमन्वित हो, अव्यवच्छिन्न हो और तथ्य की दृष्टि से जो धाराप्रवाहिक हो उसे चूर्णिपद कहते हैं। चूर्णि साहित्य दिगम्बर एवं श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों में पाया जाता है। इस साहित्य का वही महत्व है जो आगम साहित्य का है। लेकिन श्वेताम्बर परम्परा की चूर्णियों से दिगम्बर आचार्यों द्वारा रचित चूर्णि सूत्रों की शैली और विषय-वस्तु बहुत भिन्न है। श्वेताम्बर परम्परा में जैनागमों पर प्राकृत अथवा संस्कृत मिश्रित प्राकृत में जो व्याख्याएं लिखी गयी हैं वे चूर्णियों के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके यहां विशाल चूर्णि साहित्य मिलता है और प्रायः प्रत्येक आगम ग्रन्थ पर चूर्णियां मिलती हैं।

लेकिन दिगम्बर परम्परा में भी चूर्णि सूत्र साहित्य का महत्व कम नहीं है। आचार्य वीरसेन के उल्लेखानुसार चूर्णि सूत्रकार का मत 'कषाय पाहुड' और षट्खण्डागम के मत के समान प्रामाणिक एवं महत्वपूर्ण है। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्त्ति (वि० ११ वी शताब्दी) ने लब्धिसार ग्रन्थ में पहिले यतिवृषभ के ग्रन्थ के मत का निर्देश किया है तदनन्तर भूतबलि के मत का।[1] इससे स्पस्ट है कि चूर्णि सूत्र मूल आगम ग्रन्थों के समान ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी हैं। आचार्य यतिवृषभ आचार्य भूतबलि एवं पुष्पदन्त के समकालीन थे। डा० नेमिचन्द्र शास्त्री ने इनका समय वि० सं० ५२६ से पूर्व निश्चित किया है।[2] आगम व्याख्याता की दृष्टि से उनकी उल्लेखनीय सेवाएं हैं। उनके ग्रन्थों के अवलोकन से पता चलता है कि उनके समक्ष षट्खंडागम, लोक-विनिश्चय, संगाइणी और लोकविभाग जैसे ग्रन्थ विद्यमान थे। और उन्होंने इन ग्रन्थों का सम्यक् अध्ययन करते हुए चूर्णि सूत्रों की रचना थी। यदि यतिवृषभ चूर्णि

---

१. तीर्थङ्कर महावीर और उनकी आचार्य परम्परा—डा० नेमिचन्द्र शास्त्री पृष्ठ सख्या ८२।

२. वहीं। पृष्ठ संख्या ८५।

सूत्रों की रचना न करते तो बहुत सम्भव है कषायपाण्डु का अर्थ ही स्पष्ट नहीं हो पाता। आचार्य यतिवृषभ चूर्णि सूत्रों के प्रथम रचयिता थे इसलिए उनका भी वही महत्व है जितना षट्खंडागम के रचयिता आचार्य भूतबलि पुष्पदन्त का। वैसे आचार्य वीरसेन ने तो षट्खण्डागम के सूत्रों को भी चूर्णिसूत्र कहा है इसी तरह वेदना खण्ड में जो व्याख्यान रूप गाथायें हैं धवलाकार ने उन्हें चूर्णि सूत्र कहा है।

आचार्य यतिवृषभ के पश्चात् होने वाले चूर्णि सूत्रकारों में उच्चारणाचार्य हुए। उन्होंने मौलिक रूप से चली आयी श्रुतपरम्परा को शुद्ध उच्चरित रूप बनाये रखने के लिए उच्चारण की शुद्धता पर विशेष जोर दिया। यद्यपि यतिवृषभ एवं उच्चारणाचार्य के विषय निरूपण में यत्र तत्र विभिन्नता दिखलाई पड़ती है लेकिन पर्यायार्थिक नय और द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से विचार करने में उसमें कोई अन्तर नहीं आता। उच्चारणाचार्य का समय द्वितीय शताब्दी का अन्तिम पाद एवं तृतीय शताब्दी का प्रथम पाद माना जाता है।

प्रस्तुत शतक चूर्णि के रचयिता आचार्यवर्य शिवशर्मा हैं जिनका उल्लेख चूर्णिकार ने आरम्भ में किया है। चूर्णिकार ने उनके प्रति श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए लिखा है कि शब्द, तर्क, व्याकरण, एवं कर्म सिद्धान्त के जानने वाले, अनेकवाद में विजय प्राप्त करने वाले द्वारा यह शतक ग्रन्थ लिखा गया है। प्रस्तुत आचार्य शिवशर्मा कब हुए, उनकी अन्य कृतियां और कौन-कौन सी हैं तथा उनके गुरु का नाम क्या था इसके विषय में यह शतक चूर्णि मौन है। श्वेताम्बर साहित्य में चतुरंगीय नामक तृतीय अध्ययन की वृत्ति में आवश्यक चूर्णि, वाचक (सिद्धसेन) और शिवशर्मा का उल्लेख हुआ है। शिवशर्मा का "जोगा पयडि पएसं ठिति अणुभागं" गाथा की प्रथम पंक्ति भी उद्धृत की गयी है। उनके अनुसार शिवशर्मा ११ वीं शताब्दी के विद्वान् थे।

लेकिन शतक चूर्णि के रचयिता आचार्य शिवशर्मा दिगम्बर जैनाचार्य थे ऐसा उनके इस ग्रन्थ से स्पष्ट पता लगता है। उनका समय भी ११ वीं शताब्दी से पूर्व का ही होना चाहिए। क्योंकि चूर्णिकार ने जिन प्राकृत गाथाओं को उद्धृत की है वे आचार्य नेमिचन्द्र के ग्रन्थों की गाथाएं हैं। इस शतक ग्रन्थ पर जिस आचार्य ने चूर्णि लिखी, उसके बारे में भी स्वयं चूर्णिकार मौन है।

शतक चूणि पूर्णतः सिद्धान्त ग्रन्थ है इसमें जीव समास एवं गुणस्थान पर आधारित उच्चस्तरीय चर्चाओं का वर्णन किया गया है। वर्णन लालित्य एवं माधुर्य गुण युक्त है तथा कथन शैली आकर्षक है।

शतक चूर्णि का प्रस्तुत भाग प्रथम खण्ड के रूप में प्रकाशित किया गया है। इस खण्ड में ५५ गाथाओं को लिया गया है। पहिले गाथा दी गई है और फिर उस पर प्राकृत में व्याख्या दी गई है जो अत्यधिक सरल एवं विस्तृत है। व्याख्या के पश्चात् उसकी विस्तृत चूर्णि लिखी गई है। इस प्रकार गाथा तो सूत्र रूप में है और उसके विषय का विस्तृत वर्णन व्याख्या एवं चूर्णि के माध्यम से किया गया है। प्रथम आठ गाथा सूत्रों में उपयोग, विधि, योगविधि एवं जीवसमास का वर्णन किया गया है। नौंवी गाथा से चौदह गुणस्थानों का विस्तृत वर्णन प्रारम्भ होता है। दसवीं गाथा सूत्र में मार्गणाओं का वर्णन मिलता है। सर्वप्रथम लिखा है कि देव और नारकियों में चार गुणस्थान होते हैं, तिर्यञ्चों में पांच तथा मनुष्य गति में चौदह गुणस्थान होते हैं। इस गाथा की चूर्णि में मार्गणाओं का वर्णन किया गया है लेकिन यह सब चूर्णिकार की सर्जना है। ११ वीं गाथा में किस गुणस्थान में कौनसा उपयोग होता है इसका वर्णन मिलता है। १२ वीं एवं १३ वीं गाथाओं में गुणस्थानों में मिलने वाले योगों का वर्णन किया गया है।प्रथम, दूसरे एवं चौथे गुणस्थान में तेरह योग होते हैं। तीसरे में दस योग होते हैं। १४ वीं, १५ वीं एवं १६ वीं गाथा में प्रत्यय बंध पर चर्चा की गई है। १७ वें गाथा सूत्र में साता एवं असाता वेदनीय का बंध कैसे होता है इसका विवेचन हुआ है। १८ वीं एवं १९ वीं गाथा में दर्शनमोह एवं चारित्र मोह के बंध के कारणों पर चर्चा की गयी है। २० वीं गाथा से लेकर २८ वीं गाथा तक आयु के कारणों पर प्रकाश डाला गया है। २९ वीं गाथा से ३४ वीं गाथा तक उदीरणा का वर्णन मिलता है। मिथ्यादृष्टि वगैरह प्रमत्त संयत पर्यन्त आयुकाल की आवली मात्र शेष रहने तक आठ कर्मों की उदीरणा करते हैं। उसी तरह आयु की चरमावली में सात कर्म की ही उदीरणा करता है। आगे की गाथा सूत्रों में आठ कर्मों एवं उनकी प्रकृतियों का विस्तृत विवेचन किया गया है। इस प्रकार शतक चूर्णि में गुणस्थान पर आधारित चर्चाओं का बहुत ही सुन्दर वर्णन उपलब्ध होता है।

प्रस्तुत शतक चूर्णि को प्रकाश में लाने का श्रेय आदरणीय क्षु० सिद्धसागर जी महाराज को है। क्षुल्लक जी महाराज अनवरत स्वाध्याय एवं ग्रन्थ शोधन तथा लेखन के कार्यों में व्यस्त रहते हैं। वे काफी समय से मौजमाबाद में हैं

और वहां के शान्तिपूर्ण वातावरण में साहित्य सर्जना में लगे हुए हैं। ऐसे अज्ञात एवं महत्वपूर्ण आगम ग्रन्थ को प्रकाश में लाने के लिए समस्त जैन समाज उनका पूर्ण आभारी है।

ग्रन्थ को प्रकाशित करने का श्रेय चौधरी प्रकाशन संस्थान के अध्यक्ष श्री गम्भीरमलजी चौधरी को है। श्री गम्भीरमलजी की समाज एवं साहित्यिक सेवा में पर्याप्त अभिरुचि है तथा वे अपने क्षेत्र के सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यकर्ता हैं। ऐसे उपयोगी ग्रन्थ को प्रकाश में लाने के लिए उन्हें हार्दिक बधाई है।

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

पूज्य क्षुल्लक सिद्धसागर जी महाराज

ॐ नमोऽर्हद्भ्यः

शतक चूर्णि व्याख्या

सिद्धो णिद्धूय-कम्मो सद्धम्मपणायगो तिजगणाहो ।
सव्व जगुज्जोय-करो, अमोह वयणो जयइ वीरो ।।१।।

हिन्दी तात्पर्यानुवाद टीका

प्रसिद्ध निर्धूत कर्म सद्धर्म प्रणायक त्रिजगत् नाथ सर्व जग उद्योतक अमोघ वचन वीर जयवंत होता है ।

प्रश्न–सिद्ध पद का प्रयोग चूर्णि सूत्रकार ने चूर्णि के प्रारम्भ में क्यों किया ?

उत्तर–शतक चूर्णिकार ने प्रारम्भ में वीर या महावीर को लोक प्रसिद्ध बतलाने के लिए, मंगल कामना से कार्य-सिद्धि के लिए 'सिद्ध' विशेषण का प्रयोग किया है ।

प्रश्न–'णिद्धूय कम्मो' विशेषण क्यों दिया है ?

उत्तर–अनंत चतुष्टय विरोधी या कैवल्य के विरोधी कर्मों को धो दिया है इस को सूचित करने के लिए 'णिद्धूय कम्मो' यह विशेषण दिया है । इस से वीर को वीतराग बतलाया है ।

प्रश्न–'सव्व जगुज्जोय-करो' यह विशेषण क्यों हैं ?

उत्तर–यह विशेषण वीर को सर्वज्ञ बतलाने के लिये है ।

प्रश्न–'सर्व जगत्' का क्या अर्थ है ?

उत्तर–सम्पूर्ण पदार्थ या सम्पूर्ण द्रव्य के उत्पाद व्यय और ध्रौव्य को सर्व जगत् कहते हैं । कहा भी है : "स्थित्युत्पत्तिलयात् गच्छति इति जगत्" जो स्थिति उत्पत्ति और लय को प्राप्त हो वह जगत् है । सर्व का अर्थ है सम्पूर्ण द्रव्य । सम्पूर्ण द्रव्यों के उत्पाद व्यय और ध्रौव्य को या सर्व जगत् को बतलाने के लिए 'सर्व जगत्' पद है ।

ध्रौव्य सामान्य है और पर्याय उत्पाद व्यय सहित है वह विशेष है । सम्पूर्ण सामान्य और विशेषों को जो प्रकाशित करता है वह सर्वजगत् उद्योतकर कहलाता है ।

प्रश्न–'अमोह वयणो' यह विशेषण क्यों है ?

उत्तर–यह वीर के मोह रहित अमोघ वचन को या मोक्ष मार्ग नेतृत्व को या हितोपदेशी पने को सूचित करने के लिए है।

प्रश्न–'ति-जग-णाहो' तीन जगत् के नाथ यह पद क्यों है ?

उत्तर–यह सौ इन्द्रों के द्वारा प्राप्त पूज्यता को सूचित करने के लिए है

प्रश्न–'जयइ वीरो' का क्या अर्थ है ?

उत्तर–'महावीर भगवान् जयवंत है'। इसको सूचित करने के लिए है।

सव्वेवि गणहरिंदा सव्व जगीसेण लद्धसक्कारा।
सव्व जग-मज्झयारे सुय केवलिणो जयंति सया ॥२॥

प्रश्न–'सव्वेवि गणहरिंदा' सम्पूर्ण गणधरेन्द्र कैसे हैं ?

उत्तर–'सम्पूर्ण जगत के ईश्वर से प्राप्त किया है सत्कार जिन्होंने' इसको सूचित करने के लिए 'सव्व जगीसेणलद्ध सक्कारा यह विशेषण दिया है।

प्रश्न–'सव्व जगमज्झयारे' का क्या अर्थ है ?

उत्तर–'सर्वजगत के मध्य में' यह उसका अर्थ है।

प्रश्न–'सुय केवलिणो सया जयंति' का क्या अर्थ है ?

उत्तर–श्रुत केवलि सदा जयवंत होते हैं।

जिणवर-मुह-संभूया गणहर विरइय सरीर–पविभागा।
भविय-जण-हियय दइया सुयमयदेवी सया जयइ ॥३॥

प्रश्न–इस तीसरे मंगल चूर्णि सूत्र का क्या अर्थ है ?

उत्तर–जिनवर मुख से उत्पन्न हुई गणधर से विरचित द्वादशांग भेद वाली भव्य-जन प्रिया श्रुतमयी देवी सदा जयवंत है।

प्रश्न–ग्रन्थ रचना का निमित्त क्या है ?

उत्तर–शतक कर्त्ता आचार्यवर्य शिवशर्म के ग्रन्थ रचने के निमित्त को चूर्णि सूत्रकार चूर्णि द्वारा बतलाते हैं।

सम्मदंसणणाणचरणतवमएहिं सत्थेहिं अट्ठविह कम्मगंठि जाइ-जरा मरण-रोग-अन्नाण-दुक्ख बीय-भूयं छिंदित्ता अजरममर-मरुजमक्खयमव्वाबाह परम णिव्वुइसुहं कह नाम भव्वत्ता पावेज्जत्ति आयपरहितेसीण साहूणं पव्वित्ति।

अम्हो अज्ज कालियाणं साहूणं दुस्समाणुभावेणं आयु-बलमेहा-करणाइ-गुणेहिं परिहीयमाणाणं अणुग्गहत्थं आयरिएण कयं सम परिमाण णिप्फन्नणामगं सतगं ति पगरणं।

'जीव सम्यग्दर्शन सम्यक्ज्ञान सम्यक्चारित्र और सम्यक्तप रूप शास्त्रों से आठ प्रकार की ग्रंथि को जो कि जाति, बुढ़ापा, मरण रोग अज्ञान दुःख का

बीज भूत है छेद कर अजर अमर अरोग अक्षय अव्याबाध परम निर्वृत्ति सुख किस प्रकार प्राप्त करे, इस प्रकार के निमित्त से स्वपर हितैषी साधुओं की प्रवृत्ति होती है निर्निमित्त नहीं।

अब आज कल के साधु जो कि दुषम काल के महात्म्य से आयु बल, मेधा करण-परिणाम आदिक गुणों से ह्रास को प्राप्त हो रहे हैं उनके अनुग्रह के लिये आचार्य के द्वारा रचा हुआ शत परिमाण (पूर्ण सार्थक) निष्पन्न नाम वाला 'शतक' ऐसा प्रकरण है।

'तमणुवक्खाइस्सामि' 'उसके अनुकूल मैं व्याख्यान करूंगा' यह चूर्णि व्याख्या की प्रतिज्ञा है

'तत्थ पुव्वं ताव सम्बन्धो भण्णइ' उसमें से पहले तब तक सम्बन्ध बतलाया जाता है।

"संज्ञा निमित्तं कत्तारं परिमाणं प्रयोजनं।
प्रागुक्त्वा सर्वतन्त्राणां पश्चद्वक्ता तं वर्णयेत् ॥१॥"

प्रश्न–इस चूर्णि में उद्धृत श्लोक का क्या अर्थ है? नाम निमित्त कर्ता परिमाण और प्रयोजन को पहले कह कर पश्चात् वक्ता सर्व शास्त्रों के तं अर्थात् उस व्याख्यान को करे! या उसका वर्णन करे!

इति वचनात्, एतस्स पगरणस्स किं णामं? किं णिमित्तं? केण वा कयं? किं परिमाणं? किं प्रयोजनं? इति।

तत्थ णामं दसप्पगारं "गुण १ णोगुण २ आदाणे ३ पडिवक्ख ४ पहाण ५ णिस्सितं ६ चेव। संयोग ७ माण ८ पच्चय ९ अणादि सिद्धंत १० विहियंति ॥१॥"

प्रश्न-नामादिक का व्याख्यान करना चाहिये इस प्रकार का आगम का वचन होने से यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि इस प्रकरण का नाम क्या है? इस की रचना का निमित्त हेतु क्या है? और वह किस के द्वारा रचा गया है उस ग्रन्थ की श्लोक संख्या कितनी है! और किस लिए वह रचा गया है? इस प्रकार के प्रश्न होने पर कहते हैं कि—

स०–उनमें से नाम के दस प्रकार हैं। गुण नाम १ नो गोण्यनाम २ आदान नाम ३ प्रतिपक्ष ४ प्रधान ५ निसृत ६ संयोग ७ मान ८ प्रत्यय ९ और अनादि सिद्धांत १०।

तत्थ एयं पगरणं पमाण णिप्फन्न णामगं सतगं ति।

उन दस प्रकार के नामों में से यह प्रकरण 'प्रमाण-संख्या' इस सार्थक नाम से 'शतक' संज्ञा निष्पन्न हुई है। चूंकि यह शतगाथा प्रमाण को लिये हुए है अतः 'शतक' कहलाता है।

प्रश्न—किं णिमित्त' कयं ? किस निमित्त से रचा गया हैं ?
उत्तर—त्ति णिमित्तं भणियं । ग्रन्थ निर्माण के निमित्त को बता आये हैं इस
लिए पुनः उस को नहीं कहते है ।
प्रश्न—केण कयं ? किस के द्वारा रचा गया है ?

समाधानति, शब्द-तर्क-न्याय-प्रकरण-कर्म-प्रकृति-सिद्धांत-विजाणएण अरोग-वाय-समालद्धविजएण सिव सम्मायरियणामधे ज्जेण कयं ।

शब्द, तर्क, न्यायप्रकरण, कर्मप्रकृति सिद्धान्त के जानने वाले अनेक वाद में प्राप्त-विजय **शिव-शर्म-आचार्य** नाम वाले के द्वारा यह शतक ग्रन्थ रचा गया है ऐसा चूर्णि व्याख्याकार कहते हैं ।

शंका—किं परिमाणं ? परिमाण कितना है ?
स०—गाहा-परिमाणेणं सयमेत्त', अक्खरादि-परिमाणेणं संखेज्जं, अत्थपरिमाणेण
अपरिमिय परिमाण मरोग भेयभिन्नं ।

गाथा के परिमाण से शत मात्र है । अक्षर आदि के परिमाण से संख्यात है । अर्थ-तात्पर्य परिमाण से अपरिमित परिमाण वाला अनेक भेद से विभाजित हैं ।

शंका—किं पयोयणं ? इस ग्रन्थ को रचने का क्या प्रयोजन हैं ?
स०—ति, जीवाणं उवओगजोग-पच्चयबंधोदयो दीरणा-संजोग,-बंध-विहाणादि
अभिगमणत्थं तं चेव णाणं दंसणं च, तदो बंधाइ निरोहणसमत्थे चरणे
उज्जमो, ततो मोक्ख इति एयं पयोयणं भणिय ।

इस प्रकार की आशंका का समाधान यह है कि:—

जीवों को, उपयोग, योग, प्रत्यय, बंध, उदय, उदीरणा, संयोग, बंध-विधान आदि का बोध कराने के लिये । और वही ज्ञान और दर्शन है, उससे बंधादिक का निरोध करने में समर्थ आचरण में उद्यम होता है । उससे मोक्ष होता है । इस प्रकार से यह ग्रन्थ का प्रयोजन बतलाया है ।

संबन्धोत्थ एवं संबधातीतस्स पगरणस्स इमा आइमा गाहा मंगल-भिधेयाधार-सत्थसम्बन्धत्था—

मंगल—गाथा

अरहंते भगवंते अणुत्तर परक्कमे पणमिऊणं ।
बंध सयगे निबद्ध' संगहमिणमो पवक्खामि ॥

संबन्धोत्थ (संबन्ध से उत्पन्न या उठने वाली) एवं संबन्धातीत प्रकरण की यह आद्य गाथा मंगल और अभिधेय के आधार भूत शास्त्र के संबन्ध को बतलाने के लिए हैं ।

अनुत्तर पराक्रम वाले भगवान् अरहंत को नमस्कार करके बंध शतक में निबद्ध इस संग्रह को कहता हूँ, सुनो !

प्रथम–गाथा सूत्र

सुणह इह जीव गुण संनिएसु ठाणेसु सारजुत्ताओ ।
वोच्छं कइवइयाओ गाहाओ दिट्ठिवायाओ ॥१॥

इस शतक प्रकरण में जीव स्थान संज्ञा वाले और गुणस्थान संज्ञा वालों के विषय में दृष्टिवाद से प्राप्त होने वाली सारयुक्त कतिपय गाथाओं को कहता हूँ । सुनो !

व्याख्या—सुणह त्ति सोत्तविसयत्तातो सुयणाणस्स सुयनाण संबज्झइ । कहं ? अधिगतच्छाओ दिट्ठिवायातो गाहाओं सुणहत्ति । तं च सुयणाणं मंगल । कम्हा ? भण्णइ णंदी भावमंगलं ति काउं, मगलपरिग्गहियाणि सत्थाणि णिप्फत्तिं गच्छंति ।

'सुनो !' ऐसा कहने का तात्पर्य कहते हैं । सुनने का सम्बन्ध यहां श्रुतज्ञान के साथ सम्बन्धित है । कैसे ? दृष्टिवाद से जिनका अर्थ जान लिया गया है ऐसी गाथाओं को सुनो ! ऐसा तात्पर्य है ।

और वह श्रुतज्ञान मंगल रूप है । मंगल रूप कैसे है ? इसके उत्तर में कहते हैं कि :—

नंदी भाव मंगल है (इसलिए) जो शास्त्र मंगल परिग्रहीत हैं या मंगल रूप से परिगणित है वे परिपूर्णता को प्राप्त होते हैं ।

सिस्स-पसिस्सस्स परं परया पइट्ठाहिंति चेति तो सुणह सद्दो मंगलत्थो । और वे शिष्य प्रशिष्य की परम्परा से प्रतिष्ठा को प्राप्त होते हैं । ऐसा जानना चाहिये इससे तो यह सिद्ध होता है कि 'सुणह' शब्द मंगल के लिये है ।

इह जीवगुण संनिएसु ठाणेसु सारजुत्ताओ वोच्छं कइ वइयाओ गाहाओ त्ति अभिधेया धारत्थो अभिधेया उवओगादओ, दिट्ठिवायाओ त्ति, सत्थ सम्बन्धत्थो, एस पिंडत्थो ।

'यहां जीव-गुण संज्ञा वाले स्थानों के विषय में सारयुक्त कतिपय गाथाओं को कहता हूं' इस प्रकार, अभिधेय के आधार को बतलाने के लिये है । अभिधेय 'उपयोगादिक है ।' 'दृष्टिवाद से प्राप्त' यह शास्त्र सम्बन्ध के लिये है । यह समुदाय अर्थ है संक्षिप्त अर्थ या पिण्डार्थ है ।

इयाणिं अवयवा विवरिज्जंति-सुणह त्ति-सीसामंतणवयणं । किं कारण-मामन्त्रयति ? इति चेत् ? उच्यते, सीसायरिय संबद्ध परोवकारो व दरिसणत्थं सोतिंदिउवजोगजणणत्थं च आमन्त्रयति ।

अब गाथा के अवयवों का वर्णन किया जाता है । 'सणुह त्ति' सुनो ऐसा जो वचन है वह शिष्य का आमंत्रण वचन है ।

किसलिये या किस कारण आमन्त्रित करता है । यदि ऐसा पूछो तो उसको कहा जाता है कि—शिष्य-आचार्य संबद्ध परोपकार को बतलाने के लिये और श्रोत्रेन्द्रिय उपयोग को उत्पन्न करने के लिये आमन्त्रण किया जाता है ।

'इहत्ति' अस्मिन् प्रकरणे । 'इह' ऐसा जो शब्द गाथा सूत्र में है उसका अर्थ है 'इस प्रकरण में' ।

'जीवगुण-सन्निएसु ठाणेसु' त्ति । ऐसे जो सूत्र में पद हैं उनमें से 'संन्निय सद्दो' संज्ञा वाला यह शब्द और ठाणसद्दो य स्थान शब्द जीव और गुण, प्रत्येकं प्रत्येक के साथ में 'परिसमाप्यते' जोडा जाता है । जीव सन्निएसु ठाणेसु गुण सन्निएसु य ठाणेसुत्ति जीवट्ठाण-गुणट्ठाणणामधेज्जेमु त्ति भणियं होति । एदेसिं अत्थो निद्दे से वक्खाणिज्जिहिति ।

'जीव संज्ञा वाले स्थानों में और गुण संज्ञा वाले स्थानों मे' इस प्रकार जीव स्थान नाम वालों में ऐसा तात्पर्य होता हैं । इनका अर्थ निर्देश में व्याख्यान में बतलाया जायगा ।

एतेसिं विन्यास-प्रयोजनं पूर्वं जीवास्तित्वचिन्तनं, तत्सिद्धौ शेष प्रपञ्च सिद्धिरिति, जीवट्ठाणाइं प्रथम न्यस्तानि । इनके विशेष स्थापन के प्रयोजन पूर्वक जीव के अस्तित्व का चिन्तन है चूंकि उसके सिद्ध होने पर शेष विस्तार की सिद्धि होती है इसलिए जीव स्थानों को पहले न्यस्त किया है ।

विद्यमानां जीवनां गुणचिन्तनमिति तदनन्तर गुणठाणाणि एवं विन्नासे पयोयणं ।

विद्यमान जीवों के गुण स्थान का विचार किया जाता है इसलिये जीव-स्थान के पश्चात् 'गुणठाणाणि' 'गुण स्थान' ऐसे न्यास करने में या स्थापन करने में प्रयोजन है ।

'सारजुत्ताओ' त्ति, सारो अत्थो, अत्थजुत्ताओ । 'सार' अर्थ को कहते हैं जो अर्थ युक्त हैं वे सार युक्त कहलाती हैं ।

काओ ताओ गाथाओ ? त्ति संबज्झइ वोच्छं कइवइयाओ त्ति । वोच्छं भणामि कइवयाओ गाहाओ त्ति भणियं होइ । गीयन्तेऽर्थास्तस्यामिति गाथा । ताओ गाहाओ एयंमि पगरणे जीवट्ठाण गुणट्ठाणान्याश्रित्य अत्थमत्ताओ थोवाओ कहेमि ताओ सुणह त्ति संबज्झइ ।

स्वेच्छा-कहण परिहरणत्थं सत्थ गौरवत्थं वा सत्थ सम्बन्धं भणामि–'दिट्ठवायाओ' त्ति आयरिय पायमूले विणएण सिक्खियाओ 'दिट्ठवायाओ' कहेमि ।

वे गाथाएं कौनसी हैं ? इस प्रकार सम्बन्धित किया जाता है कि कतिपय गाथाओं को कहता हूँ । 'वोच्छं' कहता हूं 'कतिपय गाथाओं को' ऐसा उसका तात्पर्य है ।

प्रश्न–गाथा किसे कहते हैं ?

उत्तर–उसमें अर्थ गाये जाते हैं–बतलाये जाते हैं इसलिए उसे गाथा कहते है ।

वे गाथाएं एक प्रकरण में जीवस्थान और गुणस्थान का आश्रय कर के प्रयोजन मात्र अर्थवाली अल्प गाथाओं को कहता हूं उन को सुनो ! इस प्रकार सम्बन्धित किया जाता है ।

स्वेच्छा कथन के परिहार करने के लिए या शास्त्र के गौरव–महत्व के लिये शास्त्र सम्बन्ध को कहता हूँ । 'दिट्ठिवायाओ' त्ति इसका अर्थ है आचार्य के पादमूल में विनय से दृष्टिवाद से सीखी हुई है अत: 'दिट्ठिवायाओ' ऐसा कहा है ।

प्रश्न–किं परिकम्म-सुत्त-पढमाणुओगपुव्वगय चूलिया मइयातो सव्वाओ दिट्ठिवायाओ कहेसि ?

क्या परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग पूर्वगत चूलिका मय सम्पूर्ण दृष्टिवाद से सीखी हुई को कहता है ?

उत्तर–न, इत्युच्यते पूव्वगयाओ कहेमि ।

नहीं, पूर्वगत से सीखी हुई को कहता हूँ । ऐसा कहा जाता है ।

प्रश्न–किं उप्पायपुव्व अग्गेणिय जाव लोग बिन्दु साराओ त्ति एयाओ चोद्दस–विहाओ सव्वाओ पूव्वगयाओ कहेसि ?

उत्तर–न, इत्युच्यते अग्गेणियातो बीयाओ पुव्वातो ।

क्या उत्पादपूर्व आग्रायणी से लोग बिन्दु सार पर्यन्त, ये चौदह प्रकार सब पूर्व से सीखो कहता है ?

उत्तर–नहीं, आग्रायणी नाम के दूसरे पूर्व से कही जाती है ।

किं अट्ठवत्थु परिमाणाओ अग्गेणिय पूव्वातो सव्वातो कहेसि ? न इत्युच्यते पुव्वंते अवरंते धुवे अधुवे एत्थं चयण (चयण) लद्धीणाम-पंचमं वत्थु तातो पंचमातो वत्थु तो कहेमि ।

क्या आठ वस्तु परिमाण वाले आग्रायणीय पूर्व की सब वस्तुओं से कहता है ? नहीं, पूर्वांत अपरांत, ध्रुव, अध्रुव में जो यहां–च्यवन लब्धि नाम की पांचवी वस्तु है उस पंचम वस्तु से

प्रश्न–किं सव्वातो वीस पाहुड़मात्र मेत्ता सो कहेसि ?

क्या सम्पूर्ण वीस पाहुड़ प्रमाण मात्र से कहता है ।

उत्तर–न, इत्युच्यते, तस्स पंचमस्स वत्थुस्स चउत्थं पाहुडं कम्मपगडी नामधेज्जं ततो कहेमि ।

नहीं, उस पंचम वस्तु का चौथा पाहुड़ कम्म प्रकृति नाम का है उससे कहता हूं ।

तस्स चउव्वीस अणुओगदाराइं भवन्ति तं जहा 'कइ १ वेदणा २ य फासे ३ कम्मं ४ पगडी य ५ बंधण ६ णिबंधे ७ पक्कम ८ उवकम्मु ९ दए १० मोक्खे ११ पुणसंकमे १२ लेस्सा १३ ।।१।। लेसाकम्मे १४ लेसापरिणामे १५ तह य सायमस्साते १६ दीहे हस्से १७ भवधारणी य १८ तह पोग्गला १९ अत्ता णिहत्तमणिहत्तं च २० णिकाइय मणिकाइय २१ कम्मट्ठिति २२ पच्छिमखन्धे २३ अप्पाबहुगं च २४ सव्वत्थओ ।।३।।' त्ति किं सव्व तो चउवीसाणुओगदार-मइयातो कहेसि ? न, इत्युच्यते, तस्स छट्ठमणुओगदारं बंधणं ति ततो केहमि । तस्स चत्तारि भेदा तं जहा, बंधो, बंधगो बंधणीयं बंध विहाणं ति' किं सव्वातो चउव्विहाणु-ओगदारातो कहेसि ? न इत्युच्यते, बंधविहाणं ति चउत्थ मणुओगदारं ततो कहेमि । तस्स चत्तारि विभागा ।

कर्म प्रकृति पाहुड़ के चौवीस अनुयोग द्वार होते हैं वे इस प्रकार हैं:— कृति, वेदना, स्पर्श, कर्म, प्रकृति, बंधन निबंधन, प्रक्रम, उपक्रम, उदय, मोक्ष, संक्रम, लेश्या, लेश्या कर्म, लेश्या परिणाम, सामसात, दीर्घह्रस्व, भवधारणीय, पुद्गलात्म, निधत्तनिधत्त, संनिकाचित-अनिकाचित, कर्मस्थिति, पश्चिम स्कन्ध, अल्पबहुत्व, सर्वार्थ २४ ।

प्रश्न–क्या सम्पूर्ण २४ अनुयोग द्वारमय वाले से कहता है ?

उत्तर–नहीं, उसका छठा अनुयोग द्वार बंधन है उससे कहता हूँ । उसके चार भेद हैं वे इस प्रकार हैं—बंध, बंधक, बंधनीय और बंधविधान ।

प्रश्न–क्या सम्पूर्ण चारों अनुयोग द्वारों से कहते हैं ?

उत्तर–नहीं, बंधविधान नामक चौथा अनुयोग द्वार है उससे कहता हूँ । उसके चार विभाग हैं । वे कौनसे हैं ?

तं जहा पगइबंधो, ठिइबंधो, अणुभागबंधो, पदेसबंधो त्ति मूलुत्तरपगइ भेयभिन्नो, ततो चउव्विहातोवि किंचि २ समुद्धरिय २ भणाभि । सत्थ संबंधो भणितो । वे इस प्रकार हैं :—

प्रकृति बंध, स्थितिबंध, अनुभाग बंध और प्रदेश बंध । वह बंध मूल प्रकृति और उत्तर प्रकृति भेदवाला है ।

उस चार प्रकार के बंध में से कुछ कुछ ले ले कर कहता हूँ ।

शास्त्र संबन्ध बतला दिया गया

पुव्वि जीवट्ठाणगुणट्ठाणेसु सारजुत्ताओ गाहाओ भणामि त्ति भणिबं, ताओ केरिसि ? सत्थाहिगाराओ त्ति तासिं अत्थाहिकारणि सूणत्थं दो दार-गाहओ—गाथा सूत्र २–३

उवओग जोगविही जेसु य ठाणेसु जत्तिया अत्थि जप्पच्चइओ बंधो होइ जहा जेसु ठाणेसु–२। बंधं उदयमुदीरण विहिं च तिण्हंपि तेसिं संजोगं बंधविहाणे य तहा किंचि समासं पवक्खामि–३।

पहले यह बतलाया गया है कि :—'जीवस्थानों और गुण स्थानों में सार युक्त गाथाओं को कहता हूँ।' वे कैसी हैं ? सत्वाधिकार की हैं ऐसा जानना चाहिए। अर्थाकार के निरूपण करने के लिये वे दो गाथाएँ हैं।

दूसरे और तीसरे गाथा सूत्र का अर्थ

उपयोग विधि और योग विधि जिन गुण-जीव-स्थानों में जितनी है। और जिस प्रत्यय से जहां जिन स्थानों में बंध है तथा बंध को, उदय-विधि को, उदीरणा विधि को और उनके संयोग को बंध विधान में जैसा कहा है वैसा कहता हूँ किन्तु किंचित् संक्षिप्त कहता हूं।

व्याख्या :—

उवयोगविही जेसु य ठाणेसु जत्तिया अत्थि त्ति, उपयुज्यत इति उपयोगः आसन्नो योगो उपयोगो, उव जुज्जति इति वा उवओगो, अविरहिय जोगो वा उवजोगो संसारत्थाणं णिव्वुयाणं च जीवाण सव्वकालं तेण जोगो त्ति काउं उवओगो वुच्चति। किं कारणं ? जीवस्वभावत्वात्। तव्विरहिओ जीवो ण भवइ ति।

उपयोग विधि जिन जीवस्थानों और गुण स्थानों में जितनी हैं इति (ऐसा जानना चाहिए)।

उप योजित किया जाता है अतः उपयोग है उपयुक्त होता है इसलिए उपयोग है या अविरहित योग उपयोग है चूंकि संसारस्थ और निर्वाण प्राप्त जीवों के सदा काल उसके साथ योग होता है इसलिये उपयोग कहते हैं।

प्रश्न—सदा काल उसके साथ योग तादात्म्य क्यों है।

उत्तर—चूँकि वह जीव का स्वभाव है उसके बिना उपयोग के बिना जीव नहीं होता है।

सो दुवि हो–सागारोव ओगो अणगारोव ओगो य।

वह दो प्रकार का है—साकारोपयोग और अनाकार उपयोग।

सागारोव ओगो सव्वावहारणं व्वाइविसेस विन्नणमित्यर्थः।

(सामान्य और विशेष आत्मक) वस्तु के स्वरूप का निश्चय या अव धारण साकार उपयोग है अर्थात् रूपादिक का विशेष विज्ञान साकार उपयोग है।

तेसिं चेव सामन्नत्थाव बोहो खंधावारोपयोगवत् सो अणागारोव ओगो।

और उन्हीं का सामान्य अर्थावबोध स्कंधावार के उपयोग की भांति अनाकार उपयोग है।

पंचविहं णाणं अन्नाणंतिग च सागारोवयोगो।

पांच प्रकार का ज्ञान है और तीन भांति का अज्ञान साकारोपयोग है।

ज्ञान अर्थात् सम्यग्ज्ञान, अज्ञान अर्थात् मिथ्याज्ञान।

चक्खु-आइ-चउविहं दंसणं अणागारोवओगो।

चक्षुदर्शन आदि चार प्रकार का दर्शनोपयोग (है वह) अनाकार उपयोग हैं।

तत्थ पंचविहं णाणं आभिणिबोहि याइ। जो पांच प्रकार का ज्ञान है वह अभिनिबोध आदिक है।

तत्थ पंचण्हमिंदियाणं मणोछट्ठाणं उग्गहादयो चत्तारि भेया तेहिं य सुयाणुसारेण घडपड संखाइ विन्नाणं संपयकालीयं तमाभिणिबोहियं।

पांच प्रकार के ज्ञान में, पांच इन्द्रिय और छठे मन के निमित्त से होने वाले अवग्रहादिक चार भेद और उनसे श्रुतानुसार घट पट संख्या आदि का विज्ञान सप्रति काल में होता है वह आभिनिबोधिक है।

इंदिय-मणो-णिमित्तं अतीतादिसु अत्थे सुसुयाणुसारेण जं णाणं उप्प-ज्जइ तं सुयणाणं, आभिणिबोहियं पि तत्थत्थि जेण तं पालिइ।

इन्द्रिय और मन के निमित्त से अतीत आदि अर्थों में श्रुतज्ञान के अनुसार जो ज्ञान उत्पन्न होता हैं वह श्रुतज्ञान हैं आभिनिबोध भी उस में है जिससे कि वह पाला जाता है।

इंदिय-मणो-णिरवेक्खं अणावरीय-जीव-पएस-खवओसम-णिमित्तं साक्षात् ज्ञेय ग्राहि तदवधिज्ञानं। प्रदीप-ज्वाला-कटकान्तर्गत-विनिर्गत-प्रकाश घटादि प्रकाशवत्।

इन्द्रिय और मन से निरपेक्ष आवरण रहित जीव प्रदेश में क्षयोपशम के निमित्त से होने वाला साक्षात् ज्ञेय को ग्रहण करने वाला वह अवधि ज्ञान है जैसे प्रदीप का ज्वाला और कटक के अन्तर्गत से निकले हुए प्रकाश और घटादि प्रकाश।

मणत्तेणं गहेऊणं पोग्गले जाणइ जीवो जेहिं ते मणो भणंति, तेसिं पोग्गलाणं पज्जाया मणोपज्जाया तेसु जाणं मणपज्जवणाणं। तहेव सुद्धा जीवपदेसा परिच्छिंदन्ति त्ति पोग्गले णिमित्तं काउण तीयाणागय वट्टमाणे भावे पलि ग्रोवमासंखेज्जइ भागे पच्छाकडे पुरे कडे समोव समाओ माणुसखेते वट्टमाणे जाणइ ण परतो, तं मणपज्जवणाणं।

मनरूप से ग्रहण करके पुद्गल के विषय को जीव जिनसे जानता वे मन हैं। उन पुद्गलों की पर्यायें मन पर्य्यायें हैं उनके विषय में जो ज्ञान होता है वह मन:पर्यय ज्ञान है। वैसे ही शुद्ध प्रदेश जानते हैं अत: वे पुद्गल को विषय मिमित्त बनाकर अतीत अनाग वर्तमान पदार्थ में पल्योपम के असख्यातवें भाग में पश्चात्वर्ती और पूर्ववर्ती विषय को क्षयोपशय से मनुष्य क्षेत्र मे वर्तमान को जानते है उस परिमाण से अधिक को नहीं उतना जानना है वह मन:पर्यय ज्ञान है।

केवल सकलं सम्पूर्णं जीवस्स णिस्सेसावरण खय-संभूयं, अहवा सव्व-दव्व-पज्जाय-सकला बोहणेण वा केवल अच्चंत खाइयं केवलणाणं।

केवल अर्थात् अतीन्द्रिय केवलज्ञान अखण्ड है या परिपूर्ण हैं। जीव के नि:शेष ज्ञानावरण के क्षय से उत्पन्न हुआ है अथवा सम्पूर्ण द्रव्य और सम्पूर्ण पर्यायों को सम्पूर्ण या सकल रूप से जानने के कारण भी केवल (ज्ञान) अत्यंत क्षायिक केवलज्ञान है।

मूलिल्लेसु तिसु णाणेसु अण्णाण भावो वि होज्जा, मिच्छत्तोदया, पित्तोदया-व्याकुली-कृत चित्तस्य शुक्लरूप विपर्ययात् पीताभासि रूपवत् मति श्रुतावधयश्च विपर्यासं गच्छन्ति।

मूलवर्ती तीन ज्ञानों में अज्ञान भाव भी हो सकता है। मिथ्यात्व के उदय से मुक्त मति श्रुत और अवधि ज्ञान पित्त के उदय से व्याकुल किये गये चित्त के शुक्लरूप विपर्यय से पीले-आभास वाले चित की तरह विपर्यास को प्राप्त होते हैं।

प्रश्न—कथं ? कैसे ?

उत्तर—कटुकालाबु—गद्रव्योपक्षिप्त-क्षीर-सर्करादि-द्रव्य-विपर्ययासवत्। भाजन-विशुद्धितश्च दव्वाणमविणासो दिट्ठो जहा सुपरि-सुद्धालाबु-दव्वोपक्षित्त-खीरादिदव्वाविवत्तिवत् तथा च तत्वार्थ श्रद्धानं अहवा विस-सम्मीस-ओसह-संपर्क वत् मइघातोववूहणं च।

जैसे कटु तुम्बी गत द्रव्य में रक्खे गये क्षीर शर्करादि द्रव्य विपर्यास को प्राप्त होते हैं। और भाजन की विशुद्धि से द्रव्यों का विनाश विपर्यसरूप नहीं देखा जाता है जैसे कि (राख जल द्वारा) सुपरि शुद्ध तुम्बी द्रव्य में रक्खा

गया क्षीर आदि द्रव्य विकृत नहीं होता है और वैसे तत्वार्थ श्रद्धान होता है। अथवा विष मिश्रित औषध के संपर्क की भांति मति घात भी पाया जाता है।

एते अट्ठ सागारोव ओगा। ये आठसाकार उपयोग हैं।।

अरणागारोव ओगो चउव्विहो चक्खुदंसरणाइ चक्खु ंदिय समान्नत्थाव बोहो चक्खु-दंसणं। सेसिदियमणो समान्नत्थाव बोहो अचक्खुदंसणं। ओहि-णाणेण सामन्नत्थावगहणं ओहि दसणं। केवलणाणेण सामन्नग्गहणं केवल दंसणं।

अनाकार उपयोग चार प्रकार का है चक्षु दर्शन आदि। चक्षु इन्द्रिय से सामान्य अर्थावबोध चक्षु दर्शन है। शेष इन्द्रिय और मन से सामान्य अर्थ का अवबोध (या ग्रहण) अचक्षु दर्शन है अवधि ज्ञान के (द्वारा) सामान्य अर्थ का ग्रहण अवधिदर्शन है। केवल ज्ञान दर्शन के (द्वारा) जो सामान्य ग्रहण है वह केवल दर्शन है।

एवमेते बारस उवयोगा परूविया इस प्रकार ये बारह उपयोग बतलाये गये।

प्रकृतयों में निराकार ज्ञान दर्शन और साकार ज्ञान सविकल्प बोध है।

'जोगो' त्ति "जोगो विरियं थामो, उच्छाह-परक्कमो तहा चेट्ठा।
सत्ती सामत्थं चिय जोगस्स हवंति पज्जाया ।।१।।

वीरियंतराइ खयोवसम-जरिणएण पज्जाएण जुज्जइ जीवो अणेणेति योगो, अहवा जुंजइ जीवो वीरियंतराइ खयोवसम जणियपज्जाय मिति जोगो "मणसा वाया काएण, वधिजुत्तस्स वीरिय-परिणामो। जीवस्स अप्पणिज्जे सजोग सन्नो जिणक्खाओ ।।१।।"

तेजो जोगेण जहा रत्तात्ताइ घडस्स परिणामो।
जीव-करणप्प ओगे बीरियमवि तहप्प परिणामो ।।२।।

सो मण-जोगाई तिविहो दुब्बलस्स यष्टिकादि-द्रव्यवत् उवट्ठंभकरो, अहवा जोगो वावारो यणमाइणं।

प्रश्न—सूत्र में 'योग' ऐसा शब्द आया है [वह योग क्या है? योग का स्वरूप क्या है? उसके पर्यायवाची कौन है?]

उत्तर—उसका समाधान निम्न प्रकार से हैं: —

"योग, वीर्य, थाम, (शक्ति) उत्साह, पराक्रम, चेष्टा शक्ति तथा सामर्थ्य ये योग की पर्यायें हैं (योग के पर्यायवाची हैं)।" वीर्यान्तराय कर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न हुए इस पर्याय के द्वारा जीव युक्त होता है वह योग है अथवा जीव वीर्यान्तराय के क्षयोपशम से उत्पन्न पर्याय को जोड़ता है वह

योग है।" मन वचन या काय से अवियुक्त जीव का निजी वीर्य परिणाम योग संज्ञा वाला जिनेन्द्र के द्वारा बतलाया गया है जैसे अग्नि के संयोग से रक्त अरक्त आदि घड़े का परिणाम होता है वैसे जीव के कारण प्रयोग के हेतु से वीर्य भी निजी परिणाम वाला होता है। वह मनोयोग आदि के भेद से तीन प्रकार का है, जैसे कि दुर्बल की लाठी आदिक अवलंबन रूप है वैस वह भी सहयोग करने वाला है अथवा मन आदिक का व्यापार योग है।

मण जोगो चउव्विहो सच्चमणोजोगो जाव असच्चामो समणो जोगो।

सत्यमनों योग से लेकर अनुभय मनोयोग तक मनोयोग चार भांति का है।

मण जोगस्स सच्चतं मोसत्तं सच्चमोसत्तं असच्च मोसत्तं वा णत्थि, किंतु णोइंदियावरण-खयोवसमेण मण-णाण-परिणयस्स जीवस्स बलाधार भूयस्स जोगस्स सहचरियत्तातो सच्चादिव वदेसो, जहा बालस्य बलाधाणकारणं अन्नं पाणा इति।

अहवा जोगस्सेव पाहन्न विवक्खया सच्चास च्चाइ परिणामो, जहा बाहिर कारणनिरवेक्खो नाण-परिणामो तच्चातच्चववएसो भवति। एवं वाया करणेण जोगो वइजोगो।

वइजोगोवि चउव्विहो तहा चेव। सच्च मोसत्तं कहमिति चेत्? भन्नंति, तं जहा-असोगवणं चपयवणमिति। अन्नेसु वि रुक्खेसु विज्जुमाणेसु असोगवणं चंपयवण मेवेति, णाण, ववहारो वा तस्स बलाधाण कारण भूतो जोगोवि तव्वदेस भागी भवति।

मनोजोग के सत्यत्व असत्यत्व सत्य-मृषापन या असत्य-मृषापन नही है किंतु नो इन्द्रियावरण के क्षयोपशम से मनज्ञान रूप परिणत जीव के बलाधान का कारण अन्न और पान है।

अथवा योग का ही प्रधान विवक्षा से सत्य असत्य आदि परिणाम होता है जैसे बाह्य कारण निरपेक्ष ज्ञान तत्व और अतत्व व्यपदेश वाला होता है। इस प्रकार वाचाकरण के साथ योग वचन योग है।

वचन योग भी उसी प्रकार चार भाँति का है 'सत्य-मृषापन' कैसे है? ऐसा प्रश्न होने पर कहते हैं। वह इस प्रकार है:—जैसे अशोकवन, चंपकवन, अन्य वृक्षों के विद्यमान होने पर भी अशोकवन चंपकवन ही है ऐसा ज्ञान या व्यवहार उसके बलाधान का कारण भूत है। योग भी उसी प्रकार उस व्यपदेश का भागी होता है।

कायजोगो सत्तविहो, तं जहा—ओरालिय कायजोगो, ओरालिय-मिस्स-कायजोगो, वे उव्विय, वे उव्विय–मिस्सओ आहारगो, आहारग मिस्सओ, कम्म-इग–कायजोग इति।

तत्थ ओरालियमिति, ओरालं उरलं महत् वृहच्चेति एगट्ठं। उरालमेव ओरालियं ओराले हवं वा ओरालियं।

कहमुदारत्तं ? भन्नइ—पदेसो असंखेज्ज गुणहीणत्तादो ओगाहणातो असखेज्जगुणब्भिहिय मिति।

ओरालिय काएण जोगो ओरालिय काय जोगो। ओरालिय मिस्स काय-जोगोत्ति मिस्समिति अपड़िपुन्नं, जहा गुड़ मिस्सं अन्न-दव्वं गुडमिति बण ववदिस्सति, अन्नमिति व न ववइस्सइ, गुडेतर दव्वेण अपड़िपुन्नत्ताओ, एव मिहावि ओरालिय कम्मइग-सरीर-द्रव्य-मिश्रत्वात् मिश्र व्यपदेशः।

काय योग सात प्रकार का है वह इस प्रकार है :—औदारिक काय योग, औदारिक मिश्र काययोग, वैक्रियिक काय योग, आहारक, आहारक मिश्र और कार्मण काय योग। इति।

उनमें से 'औदारिक' ऐसा काय योग है। ओराल उदार, उरल, महत्, बृहत् ये एकार्थ वाची हैं उराल ही-उदार है औदारिक है उदार निमित्त मे से होने वाला औदारिक है।

उदार पना कैसे है ? कहते हैं—प्रदेश की अपेक्षा असख्य गुणा–हीन होकर भी अवगाहना की अपेक्षा से असख्यात गुण-अधिक है। इति।

औदारिक काय के साथ जो योग है वह औदारिक काय योग है। औदारिक मिश्र काय योग भी से मिश्र अपरिपूर्ण है जैसे गुड़ से मिला हुआ अन्य द्रव्य गुड़ व्यपदेश को नही पाता, न अन्न संज्ञा को चूंकि गुड़ से इतर द्रव्य से वह मिला हुआ है निखालिस नही है इसी प्रकार औदारिक और कार्मण शरीर द्रव्य का मिश्रण होने से मिश्र संज्ञा होती है।

अथवा सरीर-कज्ज-पयोयणा करणाओ मिस्सं, अपरिनिष्ठित घटवत्। जहा अपरिनिट्ठितो घड़ो जलधारणादिसु असमत्थो घड़ोवि घडववदेसं न लभते, एवमिहावि अपडिपुन्नत्तातो अपरिणिट्ठित्तो त्ति मिस्समिति ववदिस्सते एवं सव्वत्थ मिस्स-विही।

विविह इड्ढि-गुणजुत्तमिति वेउव्वियं अहवा त्रिविहा क्रिया विक्रिया, विक्रया एव वैक्रियं, विक्रियायां वा भवं वैक्रियं वे उव्विय-काएण जोगो वेउव्विय-काय जोगो मिश्रं पूर्ववत्।

णिपुणाणं वा णिद्धाणं वा सुहुमाणं वा आहारय-दव्वाणं सुहुमतरमिति आहारकं, आहारेइ अणेण सुहुमे अत्थे इति वा आहारगं अहारग-काएण जोगो आहारगकाय जोगो। मिश्रं पूर्ववत्।

अथवा शरीर के कार्य प्रयोजन को नही करने से मिश्र योग होता हैं जैसे कि अपरिपूर्ण घड़ा। जैसे अपूर्ण बना घड़ा जल के धारण आदि कार्यों में असमर्थ है घड़ा होकर भी घड़ा इस संज्ञा को प्राप्त नहीं होता है। इसी प्रकार इस मिश्रयोग के विषय में भी अपूर्ण होने से अपरिनिष्ठ है इसलिये मिश्र कहलाता है इसी प्रकार सर्वत्र मिश्रयोग की विधि है !

नाना प्रकार की अणिमादिक ऋद्धि गुण युक्त वैक्रियिक है अथवा विविध क्रिया विक्रिया है। विक्रिया ही वैक्रियिक है अथवा विक्रिया में होने वाला वैक्रियिक है। वैक्रियिक काय के द्वारा योग वैक्रियिक काय योग है। मिश्र पूर्ववत् है।

निपुण या स्निग्ध या सूक्ष्म भी आहारक द्रव्यों का सूक्ष्मतर ऐस आहारक है। इसकी सहायता के द्वारा जीव सूक्ष्म अर्थों को जानता है इसलिये भी आहारक है। आहारक काय के द्वारा जो योग है वह आहारक काय योग है। मिश्र पूर्ववत् है।

कम्ममेवेति कम्मइगं, कम्मणि भवंपवा कम्मइगं। कम्म-कम्मइगाण-मणाणत्तमितिचेत्? तन्न. कम्मइगस्स कम्मइय-सरीर-णामोदयनिष्पन्नत्वात्, किंतु कम्मइग-सरीर-पोग्गलाण कम्मपोग्गलाणं च सरिस वग्गणत्तातो तंमि चेव तस्स ववदेसो। सव्व-कम्मप्परोहणुप्पातगसुह-दुक्खाण बीय भूयं कम्माइग सरीरं, तेण जोगो कम्मइग-काय जोगो। एवमेते पन्नरस-जोगा परूविवा।

कर्म ही कार्मण है या कर्म में होने वाला कार्मण है। कर्म और कार्मण के विषय में इससे अज्ञान प्राप्त होता है यदि ऐसा कहते हो तो वह ठीक नहीं है क्योंकि कार्मण का कार्मण शरीर नाम कर्म के उदय से निर्माण होता है। किन्तु कार्मण शरीर पुद्गलों के और कर्म पुद्गलों के समान वर्गणा होने से उसमे ही उसका व्यपदेश होता है।

सम्पूर्ण कर्म प्ररोहण का उत्पादक और सुख दुःख का बीज भूत कार्मण शरीर है उसके द्वारा जो योग है वह कार्मण काय योग है।

इस प्रकार ये पदरह काय योग बतलाये गये हैं।

'उवजोगाजोग विहित्ति। विधिसद्दो पत्तेय पत्तेयं संबज्झइ-उवओग-विहि जोग विही/विहाणं भेदो विगप्पो जेसु य ठाणेसु त्ति/जीवट्ठाण गुण ट्ठाणेसु जत्तिया अत्थि त्ति/जावदिया अत्थि अमुगंमि जीवट्ठाण-गुणट्ठाणं मि य जत्तिया उवओगा जोगाय संभवति त्ति एयंमि पगरणे एयं भणति।

'अप्पच्चइम्रो बंधो' ति, पच्चयो हेउ कारणं णिमित्तं एगट्ठं, पच्चयो चउव्विहो मिच्छत्तं, असंजमो, कसाया जोगा ति । अमुगमि गुणट्ठाणे अमुग पच्चइगं कम्मं बज्झइ ति एयंपि एत्थ भन्नइ । 'होइजहा' इति णाणावरणा-दीणं कम्माणं बंधो जहा होइत्ति विसेमपच्चाम्रो सूइम्रो, एयंपि भिन्नइ' जेसु, ठाणेंसु' त्ति उवरिल्ल पएण सम संबज्झइ ।

'उपयोग-योग विधि' इति । ऐसा कहा गया हैं विधि शब्द प्रत्येक के साथ सबंधित होता है । उपयोग-विधि, योगविधि । विधान, भेद और विकल्प जिन स्थानों में है जीवस्थान और गुणस्थानों में जितने हैं । अमुक जीव स्थान और गुण स्थान में जितने हैं । और जितने उपयोग योग संभव हैं इस प्रकार एक प्रकरण में यह कहता है ।

'जिस प्रत्यय से बंध होता है' ऐसा सूत्र में कहा है प्रत्यय, हेतु, कारण, निमित्त ये एकार्थवाची हैं । प्रत्यय चार प्रकार का है मिथ्यात्व. असयम कषाय और योग । अमुक गुणस्थान में अमुक प्रत्यय से बंध होता है यह भी यहां बतलाया गया है । 'होइजहा' अर्थात् ज्ञानावरणादिक का बंध जैसे होता है इस प्रकार विशेष प्रत्यय सूचित किया है 'यह भी कहा जाता है' जिन स्थानों में इस प्रकार के पद के साथ संबंधित किया जाता है ।

जेसु गुणट्ठाणेसु बंधोदयो जत्तिया अत्थित्ति एयंपि एत्थ वुच्चइ ।।२।।

'बंध उदयं उदीरणा विधि च' ति विधि सद्दो पत्तेयं संबज्झइ । बंधं विगप्पो उदयविगप्पो उदीरणा-विगप्पो य । ते जेसु ठाणेसु जत्तिया संभवंति त भन्नति । 'बधो' त्ति । सुहुम बायरेहिं पोग्गलेहिं घट धूमवत् णिरंतरं निचितेलोके कम्मजोगं पोग्गले घेतुं सामन्नविसेसपच्चएण जीव-पएसेसु कम्मत्ता ते परिणामणं बंधो वुच्चइ उक्तं च:—

"जीव परिणाम हेत्तुं कम्मत्ता योग्गला परिणमति ।
पोग्गल कम्मणिमित्तं जीवेवि तहेव परिणमइ ।।१।।"

तस्सेव बंधावलिया तीतस्य विवाग-पत्तस्स अणुभवणं उदयो ।

उदयावलिया तीताणं अकालपत्ताणं ठीइण उदीरिय उदीरिय उदयाव-लियाए पक्खिवियदलियं पयोगेण उदयपत्तठिइए सह अणु भवणं उदोरणा ।

'जिन स्थानों में बंध उदय जितने हैं' यह भी प्रकृत में बतलाया जाता हैं ।

'बंध-उदय और उदीरणा विधि को' इसमें विधि शब्द प्रत्येक के साथ संबंधित करना चाहिए । बंध विकल्प, उदय विकल्प और उदीरणा विकल्प

के जिन स्थानों में जितने संभव हैं' उसको बतलाते हैं। 'बंध' ऐसा कहा है। सूक्ष्म और बादर पुद्गलों के द्वारा घडे और घूम की भांति निरंतर भरे हुए लोक में कर्म योग्य पुद्गलों सामान्य और विशेष प्रत्यय के निमित्त से जीव प्रदेशों में ग्रहण कर्म रूप का परिणमन बंध है कहा भी है: —

"जीव के परिणाम के हेतु को पाकर कर्म रूप से पुद्गल परिणमन करते हैं तथा पुद्गल कर्म के निमित्त से जीव भी उसी प्रकार परिणमन करता है ।।१।।"

उसी के बंधावली से अतीत विपाक प्राप्त का अनुभव उदय है। उदयावली से अतीत अकाल प्राप्त स्थिति को उदीरित करके उदयावली में क्षेपणकर दलित कर प्रयोग से उदय प्राप्त स्थिति के साथ अनुभवन उदीरणा है।

'तिण्हपितेसि संजोगं' ति बंधोदग्रो दीरणाणमेव संवेहो संजोगो सो अमूगंमि ठाणे अमुको संभवइत्ति तं भन्नइ। 'बंध विहाणे' ति बंधस्स विहाणं बंध विहाणं बंध भेद इत्यर्थः।

बंधो चउव्विहो, पगइबंधों, ठिइबंधो अणुभागबंधो पएसबंधो य। चउण्हवि बंधाणं मोयगदिट्ठतो। जहा-कोइ मोयगो समिति, गुड-घृत-कटुहुंडादि-दव्व-संबंधो, कोइ वायहरो, कोइ पित्तहरो, कोइ निरोगो, कोइ कप्फहरो कोइ मारगो. कोइ बलकरो, कोइ बुद्धिकरो कोइ वामोहकरो, एव कम्माणं प्रकृतिः स्वभावः कोइ णाणमावरेइ, कोइ दंसणं कोइ सुख दुक्खाइ वेयणमित्यादि।

'उन तीनों के संयोग का 'अर्थात् बंध उदय और उदीरणा का संवेध-संयोग। वह अमुक स्थान में अमुक सभव है। उसको कहा जाता है। 'बंध विधान में अर्थात् बंध का विधान बंध विधान है बंध भेद।

बंध चार प्रकार का है प्रकृतिबंध स्थितिबंध, अनुभागबंध और प्रदेशबंध। चारों बंधों के लिए मोदक का दृष्टान्त है। जैसे कोई मोदक समूह समिति-गुड़-घी-कुटकी, हूंड आदि द्रव्य संबंध वाला है। कोई वातनाशक है। कोई पित्तनाशक है, कोई निरोग है, कोई कफ नाशक हैं, कोई मारक है, कोई बल कारक है कोई बुद्धिकर है कोई व्यामोह कर है इस प्रकार कर्मों की प्रकृति या कर्मों का स्वभाव कोई ज्ञान को ढकता है कोई दर्शन को आवरण करता है कोई सुख दुख वेदन इत्यादि को कराता हैं।

तस्सेव मोयगस्स काल णियमणं अविनाभिस्वेन ग्राठिई। तस्सेव णिद्धमहुराइणं एगगुण-दुगुणाइ अणुभाग-चिंतणं अणुभागो। तस्सेव

समियाइ-दव्वाणं-परिमाण चितणं ठिइबंधो। तस्सेव सव्वदेसोवघाइ-अघाइ-एक्क-दुग-तिग-चउट्ठाण-सुभासुभ-तिव्वमंदाइ चिंतणं अणुभाग बंधो। तस्सेव पोग्गलपमाण-णिरवणं पएसबंधो तह त्ति, जहा 'कम्म पगडि संगहणिए भणियं तहा भणामि। किंचि समासं पवक्खामि त्ति। एएसिं पगइ-ठिइ अणु भाग-पएसाण किंचि किंचि संखेवेणं भणामित्ति भणियं भवइ ॥३॥

उसी मोदक की काल नियमन रूप अविनाश रूप से वह स्थिति है। उसी की स्निग्ध मधुरादिक एकगुण, दो गुण आदि (अनु) भाग चिंतन अनुभाग है। उसके ही समियादिक द्रव्यों का काल परिमाण चिंतन स्थिति बंध है। उसके ही सर्व देश उप घातिक अघाति एक, दो, तीन, चार स्थान शुभ अशुभ, तीव्र मंद आदि चिंतन अनुभाग हैं। उसके ही पुद्गल प्रमाण संख्या का निरूपण प्रदेशबंध हैं। वैसे जाने इति।

जैसे कर्मप्रकृति संग्रहणी में कहा हैं वैसें कहता हूं कुछ अंश संक्षिप्त से कहता हूं इति। इन प्रकृति, स्थिति, अनुभाग प्रदेशों का कुछ कुछ संक्षेप रूप से कहता हूं ऐसा (उक्त दो सूत्रों का) तात्पर्य है।

चतुर्थ सूत्र उत्थानिका

वक्खाणेयव्वा अत्था उवदिट्ठा। इयाणिं तेसिं विन्नासपओयणं भन्नति 'उवओगो जीवस्स लक्खणं' तस्सिद्धौ शेष सिद्धिरिति। तेण उवओगो पढमं वुच्चइ, तारिस-लक्खणो जीवो मणोवाक्कायजुत्तो चिट्ठइत्ति। तयणंतरं जोगो। जोगोदयो जीवस्स कम्मबंध-पच्चयत्ति काउं, तदनंतरं सामन्न पच्चओ।

सामन्नं विसेसे अवचिट्ठइ त्ति। तदणंतरं विसेस पच्चओ तेहिं पच्चएहिं जीवस्स कम्मबंधो हवइ त्ति तदनंतरं बंधो, बद्धस्स कम्मणो अणुभवणं, ण अबद्धस्स, इति तदनंतरं उदओ। उदए सति उदीरणा भवइ, णो अणुदिए उईरणत्ति; तदनंतरं उदीरणा। एएसिं तिण्हं पुढो सिद्धाणं समवायचिंतणं त्ति, तदणंतरं संजोगो।

उपदिष्ट अर्थो का व्याख्यान करना चाहिए, अब उनके विन्यास के प्रयोजन को कहते हैं। 'उपयोग जीव का लक्षण है' उपयोगो लक्षणं ऐसा गृद्धपिच्छाचार्य का भी वचन है। उस जीव के सिद्ध हो जाने पर शेष की सिद्धि होती है। इसलिए उपयोग का प्रथम व्याख्यान करते हैं। उस प्रकार के लक्षण वाला जीव मन वचन और काययुक्त चेष्टा करता है। उसके पश्चात् योग कहा है। योग आदि जीव के कर्मबंध के प्रत्यय हैं अतः उसके सामान्य प्रत्यय कहते हैं। 'सामान्य विशेष में रहता है'। "सामान्य गम्या विविधा विशेषा" ऐसा स्वामी समंतभद्र ने युक्त्यनुलशासन में कहा है। अतः

उस सामान्य के पश्चात् विशेष प्रत्यय है। उन प्रत्ययों से जीव के कर्मबंध होता है। उसके पश्चात् बंध है चूंकि बद्ध के ही कर्म का अनुभव होता है, अबद्ध जीव के नहीं। इसलिये बंध के पश्चात् उदय है। उदय के होने पर उदीरणा हो सकती है उदय अभाव में नहीं। अतः उदय के पश्चात् उदीरणा है। इन तीनों के सिद्ध होने पर इनका समवाय चिंतन होता है अतः उसके पश्चात् संयोग है।

सामन्न-भणियस्स बंधस्स पुणो भेद-दर्शनार्थं बहुविसयत्ताओ तदधीन त्वाच्च शेष प्रपञ्चस्येति तदनन्तरं बंध-विहाण-चिंतणं ति। एतं क्रम-न्यासे प्रयोजनम् पुव्वं जीवट्ठाणे सुत्ति वुत्तं उवदिट्ठ कमेणेव जीवट्ठाणिइं सत्थं भण्णइ—

चौथा-सूत्र

ऐगिंदिएसुचत्तारि हुंति विगलिंदिएसु छच्चे व
पंचिंदिएसु वि तहा चत्तारि हवंति ठाणाणि ॥४॥

व्याख्या—एगिंदिएसु जीवट्ठाणंत्ति किं भणियं भवइ? भण्णइ, जीवाणं ठ्ठाणं जीवट्ठाणं, सव्वे संसारत्था जीवा एएसु चोद्दससु जीवट्ठाणेसु वट्टंति, तव्वाहिरा णत्थित्ति काउं जीवट्ठाणं 'एगिंदिएसु चत्तारि होंति त्ति।

सामान्य रूप से कहे गये बंध के पुनः भेद को दिखलाने के लिए बहु विषय वाला होने से और शेष विस्तार उसके अधीन होने से उसके पश्चात् बंध विधान चिंतन है। यह क्रम न्यास में प्रयोजन है। पहले 'जीव स्थानों' ऐसा कहा है, बतलाये गये क्रम के अनुसार जीव स्थान के निर्देश के लिए कहते है—

एकेन्द्रिय के चार जीवस्थान होते हैं विकलेंद्रिय के छह ही हैं। पंचे-न्द्रियों में भी चार होते हैं ॥४॥

'एकेन्द्रियों में जीव स्थान' इसका क्या तात्पर्य है कहते हैं। जीवों का स्थान जीव स्थान है सम्पूर्ण संसारस्थ जीव इन चौदह जीवस्थानों में वर्तते हैं। उसके बाह्य नहीं हैं कि :—एकेन्द्रियों के चार जीवस्थान या जीवसमास स्थान होते हैं।

एगिंदिएसु चत्तारि जीवट्ठाणाइं। तं जहा एगिंदिया दुविहा बायरा सुहुमा य। बायरा दुविहा-पज्जत्तगा अपज्जत्तगा य। सुहुमा दुविहा पज्जत्तगा अपज्जत्तगा य। एगिंदिया णाम फासिंदिया वरणीयस्स कम्मुणो खवोवसमे वट्टमाणा, एक्कविन्नाण संजुत्ता सेसिंदिय-सव्वारणोदय-सहिया जीवा, सुत्तमत्तादि

मनुष्यवत्। ते दुविहा-बायराय। बायरणाम कम्मोदयाओ बायरा सुहुमा णाम-कम्मोदयाओ सुहुमा। ण चक्खुग्गहणं पइ बायरत्तं सुहुमत्तं वा किंतु णाम कम्माभिणिव्वत्तं जीवपरिणामं पइ जहा परमाणु-रूवं, ण हि परमाणुस्स चक्खुरिंदिय गेज्झमिति रूव-परिणामो किंतु स्वाभाविको रूवपरिणामो, एवं बायर-सुहुम-परिणामो णाम कम्मोदयाभिणिवत्तो।

एकेन्द्रिय के चार जीव समास हैं। वे इस प्रकार है। एकेन्द्रिय दो प्रकार के हैं। बादर और सूक्ष्म। बादर दो प्रकार के हैं। पर्याप्त और अपर्याप्त। सूक्ष्म दो प्रकार के हैं पर्याप्त और अपर्याप्त। एकेन्द्रिय नाम उनका है जो स्पर्शनेन्द्रियावरण कर्म के क्षयोपशम में वर्तमान हैं एक विज्ञान से संयुक्त है। शेषेन्द्रिय के सर्वावरण के उदय सहित जीव सुप्तमत्तादि मनुष्य की भांति हैं। वे दो प्रकार के हैं बादर और सूक्ष्म। बादर नाम कर्म के उदय से बादर। सूक्ष्म नाम से कर्म के उदय से सूक्ष्म। चक्षु के विषय की अपेक्षा बादर या सूक्ष्मत्व नहीं है किंतु नाम कर्म से अभिनिवृत्त रचे गये जीव परिणाम की अपेक्षा है। जैसे परमाणु का रूप। परमाणु का रूप परिणाम चक्षु इन्द्रिय गोचर नहीं है किंतु रूप परिणाम स्वाभाविक है इस प्रकार बादर और सूक्ष्म परिणाम नाम कर्म के उदय से अभिनिवृत्त है। रचा गया है।

अहवा जीव-विवागं किंचि कम्म-सरीरे वि अभिवंजयति बायर-सुहुमत्तं, जहा-मोहणीय-कम्मपगई कोहो जीव-विवागित्ते वि सति सरीरे अभिवत्ति जणयइ, कोहोदए जीवो तप्पज्जाय-परिणओ होइ, सरीरमवि तिवलियणिडालं पसिन्नमुहं भिउडीमभिवंजयइ। ते एक्केक्का दुविहा, पज्जत्तगा अपज्जत्तगय पज्जत्तग अपज्जत्तगत्तं च णाम-कम्माभिणिव्वत्तं।

"आहारसरीरिंदिय उस्सासवओ मणोभिणिव्वत्ती।
होइ जओ दलिइयाओ करणं पइ सा पज्जत्ती" ॥१॥

पज्जत्ती णाम सत्तिविसेसो। सो य दलिओवचयाओ उप्पज्जइ। आहारियस्स दव्वस्स खलरसपरिणाम सत्ती आहारपज्जत्ती। सत्त-धातु-तया-रसस्स परिणामण सत्ती सरीर पज्जत्ती।

अथवा जीव के विपाक को किंचित् कर्म शरीर में भी बादर और सूक्ष्मत्व अभिव्यक्त करता है जैसे मोहनीय कर्म प्रकृति क्रोध जीव विपाकी है तो भी शरीर में अभिव्यक्ति को उत्पन्न करती है। क्रोध के उदय से जीव उस पर्याय से परिणत होता है। शरीर को भी त्रिवलित ललाट खिन्नमुख और

भृकुटि को अभिव्यक्त करता है। वे एक एक प्रत्येक पर्याप्त और अपर्याप्त हैं। पर्याप्त और अपर्याप्तपन नाम कर्म से रचा गया होता है। "जिसके दलित उदय से आहार शरीर इन्द्रिय उच्छ्वास और मन की रचना पूर्ण होती है करण की अपेक्षा वह भी पर्याप्ति है" ॥१॥ पर्याप्ति नाम शक्ति विशेष है। और वह दलित उपचय से उत्पन्न होती है। खाये हुए द्रव्य के खल रस रूप परिणमन कराने की शक्ति आहार पर्याप्ति है। सप्त धातु रूप से रस के परिणमन कराने की शक्ति शरीर पर्याप्ति है।

इन्दिय पज्जत्ती' पञ्चण्हमिन्दियाणं जोग्गे पोग्गले विचिणिय तब्भावणयणसत्ति अत्थाव बोहसत्ती य इन्दियपज्जतीं बाहिरे आणापाण जोग्गे पोग्गले घेत्तूण आणापाणाए परिणामित्ता ऊसासनीसासत्ताए निस्सरण सत्ती आणापाण-पज्जत्ती। वइजोगे पोग्गले घेत्तूण ससत्ताए परिणामित्ता वइ जोगत्ताए णिस्सरण-सत्ती भासापज्जत्ती। मणो जोगे पोग्गले घेत्तूण मणत्ताए परिणामित्ता मणजोगत्ताए णिस्सरणसत्ती मणपज्जत्ती। एयाओ पज्जत्तीओ पज्जत्त-णाम-कम्मोदएण णिव्वत्तिजन्ति तं जेसिं अत्थि ते पज्जत्तगा। एयाओ चेव पज्जर्ताओ अपज्जत-णाम-कम्मो दयण विञ्वितिजन्ति। तं जेसिं अत्थि ते अपज्जतगा।

पांचों इन्द्रियों के योग्य पुद्गल को संचय करके उस रूप करने की शक्ति और अर्थावबोध निमित्तक शक्ति इन्द्रिय पर्याप्ति है। बाह्य श्वासो-श्वास आन-प्राण के योग्य पुद्गलों को ग्रहण करके श्वासोच्छ्वास रूप से परिणत करके उश्वास निश्वास रूप से निकलने के लिए निमित्त शक्ति आन-प्राण पर्याप्ति है। वचन योग्य पुद्गलों को ग्रहण करके स्वसत्ता रूप से परिणमन कराके वचन योग्य रूप से निकलने में निमित भाषा पर्याप्ति है। मन के योग्य पुद्गलों को ग्रहण करके द्रव्य मन रूप से परिणमन करा के मन के योग्य रूप से निस्सरण जानने में निमित्तभूत शक्ति मनपर्याप्ति है। ये पर्याप्तियां पर्याप्त नामकर्म के उदय से बनती हैं, वह पर्याप्त नाम कर्म जिनके उदय है वे पर्याप्त हैं। ये ही पर्याप्तियां अपर्याप्त नाम कर्म के उदय द्वारा अपूर्ण रची जाती हैं। वह अपर्याप्त नाम कर्म का उदय जिनके हैं वे अपर्याप्त हैं।

तत्थ मूलिल्लाओ चत्तारि पज्जत्तीओ अपज्जित्तिओ य एगिन्दियाणं भवंति। वाया सहिया चेव विगलिन्दियाणं, असन्निपञ्चेन्दियाणं च पञ्च हवन्ति। ता चेव मणो सहियाओ छ पज्जत्तिओ छ अपज्जत्तिओ य सन्नि पञ्चिन्दियाणं भवन्ति। विगलिन्दिएसु छच्चेव" त्ति, विगलाइं असंपुन्नाइं

इन्दियाइं जेसिं ते विगलिन्दियाइ, बे इन्दियाइ जाव चउरिन्दिया। फासिन्दिय-जिब्भिन्दियावरणाणं ख ओवसमें वट्टमाणा, दुविन्नाणसंजुत्ता, सेसिन्दिया-वरण-सहिया जीवा बेन्दिया, ते दुविया पजत्तगा अपजत्तगाय फासिन्दिय-जिब्भिन्दिय घाणिन्दियावरणाणं खओवसमे वट्टमाणा, तविन्नाणसंजुत्ता सेसिन्दिय-सव्व-विन्नाणावरण सहिया जीवा तेन्दिया; ते दुविहा, पजत्तगा अपजत्तगाय।

उसमें मूल चार पर्याप्तियां है। और अपर्याप्तियां भी एकेन्द्रियों के होती हैं। वाचा सहित विकलेन्द्रियों के और असैनी पंचेन्द्रियों के पांच होती हैं। वे ही मन सहित छह पर्याप्तियां भी सैनी पंचेन्द्रियों के होती हैं। विकलेन्द्रियों में छह ही होती हैं। विकल असम्पूर्ण इन्द्रियां जिनके हैं वे विकल इन्द्रिय हैं, बेइन्द्रिय से चौइन्द्रिय तक। स्पर्शेन्द्रिय, जिह्वा इन्द्रिय के आवरण के क्षयोपशम में वर्तमान दो विज्ञानों से युक्त शेषेन्द्रियावरण सहित जीव बेन्द्रिय हैं, वे दो प्रकार के हैं पर्याप्त और अपर्याप्त। स्पर्शन इन्द्रिय, जिह्वा इन्द्रिय, घ्राण-इन्द्रिया-वरण के क्षयोपशम में वर्तमान उस विज्ञान से संयुक्त शेष इन्द्रिय के विज्ञाना-वरण से सहित जीव ते इन्द्रिय हैं वे दोप्रकार के हैं पर्याप्त और अपर्याप्त।

फासिन्दिय जिब्भिन्दिय–घाणिन्दिय–चक्खिन्दिया वरणाणं खओवसमे वट्टमाणा विणाणा संजुत्ता, सेससव्वविन्नाणावरण सहित जीव चतुरिन्दिया; ते दुविहा पजत्तगा अपजत्तगा य। एवं विगलिन्दिएसुवि छ जीवपट्ठणाणि। 'पञ्चन्दिएसुवि तहा चत्तारि भवन्ति ठाणाणि' त्ति पञ्चन्दिया णाम मणो-विन्नाण सहिया ईहापोहमग्गण गवेसणा ये जेसिं जीवाणं अत्थि ते सन्निया ते दुविहा असन्नी सन्नी य। तत्थ असन्नी णाम मणोविन्नाण रहिया, ईहापोहमग्गण गवेसणा तेसिं णत्थि, ते दुविहा, पजत्तगा अपजत्तगा य। सन्नि पञ्चिन्दिया णाम मनो विण्णाण सहिया ईहापोहमग्गण–गवेसणा य जेसिं जीवणं अत्थि ते सन्निया ते दुविहा पजत्तगा अपजत्तगा य। एवं पञ्चिन्दियेसुवि चत्तारि जीवट्ठाणाणि।४

स्पर्शन् इन्द्रिय, जिह्वा इन्द्रिय, घ्राण इन्द्रिय और चक्षु इन्द्रिय के क्षयोपशम में वर्तमान चार विज्ञान से संयुक्त शेष सब ज्ञानावरण से सहित जीव चौइन्द्रिय हैं। वे दो प्रकार के हैं पर्याप्त और अपर्याप्त। इस प्रकार विकलेन्द्रियों में भी उसी प्रकार छह जीवस्थान होते हैं। पञ्चेन्द्रियों में भी चार जीवस्थान होते हैं। पञ्चेन्द्रिय (संज्ञा) 'मनोविज्ञान सहित ईहा अपोह मार्गण और गवेषणा जिन जीवों के है वे सैनी हैं। वे दो प्रकार के हैं सैनी और असैनी उनमें असैनी मनोविज्ञान से रहित हैं। ईहा, अपोह, मार्गण और गवेषणा

उनके नहीं है वे दो प्रकार के हैं—पर्याप्त और अपर्याप्त। संज्ञी पञ्चेन्द्रिय मनोविज्ञान सहित ईहा अपोह मार्गण और गवेषणा जिन जीवों के है वे सैनी हैं। वे दो प्रकार के हैं पर्याप्त और अपर्याप्त। ऐसे पञ्चेन्द्रियों में भी चार जीव स्थान हैं।

जीवट्ठाणाणं भेओ लक्खणं च परूविय। इयाणि ते चेव गइमाइएसु मग्गणट्ठाणेसु के कहिं अत्थित्ति। मग्गिज्जन्ति तण्णिरूवणत्थं भण्णइ—

जीव स्थानों का भेद और लक्षण प्ररूपित किया गया। और—अब वे ही गति आदि मार्गणा स्थानों में कौन कहां हैं इस प्रकार खोजी जाती हैं। उसका निरूपण करने के लिए कहते हैं।

पञ्चम गाथा सूत्र

"तिरियगईए चोद्दस, हवन्ति सेसासु जाण दो दोउ।
मग्गणठाणे एवं नेयाणि समास ठाणाणि ॥५॥
गइ इन्दिए य काए, जोए वेए कसाय णाणे य
संजमदंसणलेसा, भवसम्मे सन्नि आहारे ॥

व्याख्या— गइ' त्ति। चउव्विहाणगई णिरयगई तिरियगई, मणुयगई, देवगई य। तत्थ तिरियगईए चोद्दसवि जीवट्ठाणाणि भवन्ति। कम्हा ? जेण एगिन्दिया दयो जीव पञ्चिन्दिया सव्वे तिरिय त्ति काउं।

तिर्यञ्च गति में चौदह जीव समास होते हैं शेष गतियों में दो दो जीव समास होते हैं मार्गणा स्थानों में इसी प्रकार जीव समास स्थानों को लगा लेना चाहिये या ले जाना चाहिए या निश्चय करना चाहिये।

जीव इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्य, सम्यक्त्व संज्ञी और आहार' ये चौदह मार्गणाएँ हैं। गति चार हैं नरक गति तिर्यंच गति, मनुष्य गति और देव गति। उनमें से तिर्यञ्चगति में चौदह भी जीव स्थान होते हैं—किस कारण ? क्योंकि एकेन्द्रियादि पञ्चेन्द्रिय तक सब तिर्यञ्च हैं इसलिए।

'सेसासु जाण दो दो उ' णिरयगइमणुयगइ-देवगईसु दो दो जीव ट्ठाणाणि, सन्निपञ्चिन्दिय पज्जत्तगा अपज्जत्तगा या देव-णेरइएसु करण पज्जत्तीए अपज्जत्तगो न लद्धीए, लद्धीए पज्जत्तगा एव, जो करण-पज्जत्तीए अपज्जत्तगो सो अपज्जत्तगहणेणं गहिओ, लद्धि अपज्जत्तगो तेसु णत्थि। मणुस्सेसु दोवि।

'मग्गणठाणे एवं नेयाणि समास ठाणाणि' त्ति; मग्गणट्ठाणेसु एएणेव विहिणा समासट्ठाणाणि-जीवट्ठाणाणि णायव्वाणि । गइ इन्दिए य कहियं भवइ । जोग णाण दंसणाणि अगहियाणि ।

सेसेसु भणइ-'काये त्ति, काओ छव्विहो-पुढविकाइ याइ, तत्थ पुढवि आइसु वणस्सइ पज्जन्तेसु चत्तारि जीवट्ठाणाणि भवन्ति एगिन्दियाणं ।

शेष नरकगति मनुष्यगति और देवगति में दो दो जीव स्थान होते हैं । सैनी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त और अपर्याप्त । देव और नारकियों में करणपर्याप्ति में अपर्याप्त होते हैं लब्धि में नहीं । क्योंकि लब्धि में पर्याप्त ही होते हैं जो करण पर्याप्ति में अपर्याप्त है वह (निवृत्ति अपर्याप्तक) अपर्याप्त ग्रहण से लिया है । क्योंकि उनमें लब्धि अपर्याप्तक नहीं है । मनुष्यों में दोनों भी होते हैं । मार्गणा स्थानों में इस प्रकार समास स्थान को ले जाना चाहिए' । मार्गणा स्थानों में इसी प्रकार से समास स्थान और जीव-स्थान जानने चाहिए । गति और इन्द्रिय में कहा हुआ है । योग, ज्ञान और दर्शन अग्रहीत हैं । शेषों में कहते हैं । काय छह प्रकार का है—पृथ्वीकाइक उसमें से पृथ्वी आदिक वनस्पति पर्यन्तों में चार जीव स्थान एकेन्द्रियों के होते हैं ।

तसकाइगेसु दस जीवट्ठाणाणि भवन्ति, बेन्दियपज्जत्तगाइ जीव सन्नि-पज्जत्तगो त्ति । 'वेए' त्ति वेओ तिविहो- इत्थिवेओ, पुरिसवेओ णपुंसगवेओ य । णपुंसगवेए चोद्दसवि जीवट्ठाणाणि भवन्ति । इत्थि पुरिस वेएसु चत्तारि जीवट्ठाणाणि भवन्ति, असन्नि सन्नि पज्जत्तगा अपज्जत्तगा य, करण पज्जत्तीए अपज्जत्तगा गहिया, जओ लद्धिपज्जत्तीए अपज्जत्तगा सव्वे णपुंसगा । अवेयगेसु सन्नि-पज्जत्तवो होज्ज। बायरसंपराइ जाव अजोगि केवलि त्ति । 'कसाय' त्ति कसाया चउव्विहा, कोहाइचउसुवि कसाएसु चोद्दस जीवट्ठाणाणि भवन्ति । अकसाएसुवि सन्निपज्जत्तगो होज्जा ।

त्रस काइकों में दस जीव स्थान होते हैं । वे इन्द्रिय पर्याप्त से लेकर सैनी पर्याप्त तक वेद तीन प्रकार का है स्त्री वेद, पुरुष वेद, और नपुंसक वेद । नपुंसक वेद में चौदह भी जीवस्थान होते हैं । स्त्री और पुरुष वेदों में चार जीवस्थान होते हैं । असैनी सैनी, पर्याप्त और अपर्याप्त करण पर्याप्ति में अपर्याप्त (निवृत्ति अपर्याप्तक) कों का ग्रहण किया है क्योंकि लब्धि अपर्याप्त ये अपर्याप्त सब के सब नपुंसक हैं । वेद रहितों में सैनी पर्याप्तक बादर सांपराय से अयोग केवली तक होता है । कषाय चार प्रकार के हैं । क्रोधादिक चारों कषायों में चौदह जीवस्थान होते हैं । कषाय रहितों में भी सैनी पर्याप्तक होता है ।

'संजमे'। त्ति संजया पञ्चविहा सामाइगाइ संजया, संजया संजया य असंजया य। पञ्चसु संजएसु संजयासंजएसु य एक्केक्कं जीवट्ठाणं सन्निपञ्चिन्दिय पज्जत्तगो लब्भइ असञ्जएसु चोद्दस जीवट्ठाणाणि लब्भन्ति। 'लेस' त्ति, लेसा छव्विहा किण्हाइ। किण्ह-नील-काओलेसासु चोद्दस जीवट्ठाणाणि लब्भन्ति, तेउ-पम्ह-सुक्कलेस्सासु सन्निपञ्चिन्दिय पज्जत्तगो अपज्जत्तगो य लब्भइ करण अपज्जत्तगो गहिओ, लद्धि अपज्जत्तगस्स हेट्ठिल्ला तिन्नि लेसा भवन्ति।

संयम पांच प्रकार के हैं। सामायिकादि पांच सयम हैं और सयतासंयत और असंयत भी हैं। पांच संयमों में और सजमासंजमों मे एक एक जीवस्थान सैनी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त प्राप्त होता है असंयमों में चौदह जीवस्थान लब्ध होते हैं।

लेश्या छह प्रकार की है कृष्ण आदि। कृष्ण, नील, कापोत लेश्याओं में चौदह जीवस्थान प्राप्त होते हैं। तेज पद्म और शुल्क लेश्याओं में सैनी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त और अपर्याप्त प्राप्त होता है। करण अपर्याप्त अर्थात् निवृत्ति अपर्याप्तक का ग्रहण किया है क्योंकि जो लब्धि अपर्याप्तक है उसके नीचे की तीन अशुभ भाव लेश्याएँ होती है।

'भव्व'त्ति भव्वा भव्वाण वि दोण्ह वि चोद्दस वि। 'समत्ते'त्ति, सम्मदिट्ठी खइग-वेयग-उवसम सासण-सम्मामिच्छदिट्ठी य, तत्थ वेयग-उवसम-खइयसम्मद्दिट्ठीसु दो दो जीवट्ठाणाणि सन्निपज्जत्त अपज्जत्तगाणि, अपज्जत्तगोत्ति करण अपज्जत्तगो सम्मामिच्छद्दिट्ठी सन्निपज्जत्तगो एव सासण सम्मद्दिट्ठी, बायरएगिन्दिय, वेन्दिय तेइन्दिय-चउरिन्दिय-असन्निपञ्चेन्दिय लद्धिए पज्जत्तगेसु करण अपज्जत्तगेसु सन्निपज्जत्तगेसु य, मिच्छदिट्ठिस्स चोद्दस वि। 'सन्नि'त्ति सन्नि असन्निम्य-सन्निपञ्चिन्दिए मोत्तूण सेसा बारसवि असन्निणो, सन्निपञ्चेन्दिएसु दो जीवट्ठाणाणि। 'आहारगे' त्ति आहारगा अणाहारगा य, तत्थ आहारगेसु चोद्दसवि अणाहारगेसु सत्तावि अपज्जत्तगा सन्निपज्जत्तगो य लब्भइ, केवलि समुग्घाए ति-चउत्थ-पञ्चसमएसु अणाहारगो भवइ—

भव्य और अभव्य दोनों के भी चौदह जीवसमास होते हैं। सम्यक्त्व में क्षायिक, वेदक, उपशम, सासादन और सम्यक्मिथ्यादृष्टि। इन में से वेदक उपशम, क्षायिक सम्यक्दृष्टियों में दो दो जीव स्थान है सैनी, पर्याप्त और अपर्याप्त हैं। अपर्याप्तक करण-अपर्याप्तक (निवृत्ति अपर्याप्तक) है। सम्यक्मिथ्यादृष्टि सैनी पर्याप्तक ही होता है। सासादन सम्यग्दृष्टि, बादर एकेन्द्रिय, बेइन्द्रिय, तेन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असैनी पञ्चेन्द्रिय लब्धि में पर्याप्तकों में और करण अपर्याप्तको मे सैनी पर्याप्तकों में, मिथ्यादृष्टि के चौदह भी होते है। सैनी असैनी मे से सैनी पञ्चेन्द्रिय

को छोड़ कर शेष बारह भी असैनी हैं। सैनी पञ्चेन्द्रियों में दो जीवस्थान हैं। आहार कमार्गणा में आहारक और अनाहारक हैं उन में आहारकों में चौदह जीव-स्थान भी है। अनाहारक कों में सात भी अपर्याप्तक और सैनी पर्याप्तक प्राप्त करता है। केवली समुद्घात में तीसरे चौथे और पांचवें समयों में अनाहारक होता है।

छठा–सूत्र

जीवट्ठाणाणि मग्गणट्ठाणेसु मग्गियाणि, इयाणि तेसु उवग्रोगणिरूवणत्थं भन्नइ–
एक्कारसेसु तिय तिय, दोसु चउक्कं, च बारसेगम्मि जीवसमासे एव, उवग्रोगविही मुणेयव्वा–६

व्याख्या—'एक्कारसेसु तिय' त्ति। एक्कारसेसु जीवट्ठाणेसु, एगिन्द्रया चत्तारि, बेइन्दिय तेइन्दिय पज्जत्तगा अपज्जत्तगा, चउरिन्द्रिय असन्नि सन्नि अपज्जत्तगाय एए एक्कारस, एएसु एक्कारसु पत्तेय पत्तेय तिन्नि तिन्नि उवग्रोगा, भवन्ति तं जहा मइअन्नाणं सुयअन्नाणं अचक्खु दसणं त्ति। 'दोसुचउक्कं' त्ति, दोसु जीवट्ठाणेसु चउरिन्दिय पज्जत्तगेसु असन्निपज्जत्तगेसु य पत्तेयं पत्तेयं चत्तारि उवग्रोगा भवन्ति। तं जहा पुव्वुत्ताणि तिन्नि चक्खुदंसणं च तेपिक्खन्ति त्ति काउं, 'बारसेगम्मि' त्ति सन्नि-पज्जत्तगम्मि पुव्वुत्ता बारस वि उवग्रोगा भवन्ति।

जीवस्थान मार्गणा स्थानों मार्गित किये अब उन में उपयोग का निरूपण करने के लिए कहते हैं :—ग्यारह जीवस्थानों में तीन तीन। दो जीवस्थानों में चार और एक जीवस्थान में चार इस प्रकार जीव समास में उपयोग विधि जानना चाहिए ।।६।। 'ग्यारह जीवस्थानों में', एकेन्द्रिय चार, बे ते इन्द्रिय पर्याप्त अपर्याप्तक चौइन्द्रिय, असैनी और सैनी अपर्याप्त ये ग्यारह जीव स्थान है। इन ग्यारह में से प्रत्येक के तीन उपयोग होते हैं वे इस प्रकार है मति अज्ञान, श्रुत अज्ञान, और अचक्षुदर्शन। दो जीवस्थानों में चौइन्द्रिय पर्याप्तकों में और असैनी पर्याप्तकों में प्रत्येक में चार उपयोग होते हैं। वे इस प्रकार हैं :— पूर्वोक्त तीन और चक्षुदर्शन चूंकि वे देखते है इसलिए सैनी अपर्याप्त में पूर्वोक्त बाहर उपयोग भी होते हैं।

केवलणाणीण सन्नित्तं कहं? इति चेद् उच्यते–दव्वमण सहितत्वाद् सन्नि त्ति वुच्चइ। केवलज्ञानी के सैनिपना कैसे है? यदि ऐसा कहो तो कहा जाते है कि :—द्रव्य मन सहित होने से सैनी कहलाता हैं।

एत्थ अपज्जत्तग गहणेण लद्धि अपज्जत्तगो गहिओ, करण अपज्जत्तो पज्जत्तग गहणेणं गहिओ। जीव समासे एवं उवओगविही मुणेयव्वे त्ति कण्ठ्यम् ॥६॥

प्रकृत में अपर्याप्त के ग्रहण द्वारा लब्धि अपर्याप्त का ग्रहण किया है करण अपर्याप्त (निवृत्त अपर्याप्त का) का पर्याप्त के ग्रहण से ग्रहण किया गया है। जीवसमास में इस प्रकार से उपयोग विधि को जान लेना चाहिए कण्ठ करना चाहिए।

नोट :— भाव मन की अपेक्षा तेरहवें चौदहवें में सैनी असैनीपना नहीं है। शुद्ध मन का अर्थ शुद्ध विज्ञान या केवलज्ञान होता है वह निरावरण ज्ञान केवली के है। 'शुभ मन' साधु के होता है और शोभन केवलज्ञान या शोभन विज्ञान यह भी शुभ मन का अर्थ होता है जैसा प्रकरण हो वैसा जानना चाहिये। (देखो जिन शतक में 'सुमनो' का अर्थ स्वामी समंतभद्र कृत स्तुतिविद्या वसुनन्दी कृत संस्कृत टीका)—

उव ओगा जीव समासेसु भणिया। उपयोग जीव समासों में कहे गये॥
इयाणि जोगा भन्नंति। अब योगों को कहते हैं॥

सातवाँ—सूत्र

णवसु चउक्के एक्के जोगा एक्को य दोण्णि पन्नरस।
तब्भवगएसु एए भवन्तरगएसु ॥७॥

नौ जीव समासों में सामान्य से एकर काय योग होते हैं। चार जीवस्थानों में दो दो योग प्रत्येक के होते हैं। एक जीव समास में पंदरह योग भी होते हैं ये योग तद्भव-शरीर वालों के होते हैं भवान्तरगत विग्रह गति में एक कार्मण काय योग होता है।

व्याख्या:—णवसु चउक्के एक्के जोगा एक्को य दोण्णि पन्नरस 'त्ति। णवसु चउसु एक्कम्मि जीवट्ठाणेसु जहांसंखेण जोगा एक्को दोण्णि पन्नरस त्ति, एगिन्दिया चत्तारि—शेष अपज्जत्तगा य पञ्च एएसु णवसु एक्केक्को जोगो।

सामन्नेणं एक्को कायजोगो, विसेसेणं सुहुम-बायर-पज्जत्तगाणं ओरालिय कायजोगो, तेसिं चेव करण-अपज्जत्तगाणं ओरालिय मिस्स कायजोगो, बायरए-

गिन्दिय पज्जत्तगस्स वेउव्विय कायजोगो वेउव्विय मिस्सकायजोगो वाउं य पडुच्च। लद्धिए करणेण य अपज्जत्तगाणं सव्वेसिं ओरालियमिस्स कायजोगो चेव। चउसु जीवट्ठाणेसु बेइन्दिय-ते इन्दिय-चउरिन्दि य असन्नि पज्जत्तगेसु दो दो जोगा पत्तेयं भवन्ति, ओरालियकायजोगो असच्चमोसवइजोगो य करण-पज्जत्तगा गहिया। एक्कम्मि सन्निपज्जत्तगम्मि पन्नरसविय्रोगो भवन्ति, मण जोगो ४ वइजोगा ४ ओरालिय वेउव्वियआहारकक।यजोगा आहारक मिस्सकायजोगो य वेउव्विय आहारगे विउव्वयन्ते आहारयन्ते च पडुच्च, ते पज्जत्तगा चेव।

'तब्भवगएसु एए' त्ति तम्मि भवे गया तब्भवगया अप्पप्पणो सरीरे वट्टन्ताणं एए भणिया। 'भवन्तरगएसु कायजोगो' त्ति भवादन्यो भवो भवान्तंर, तम्मिगया भवांतर गया विग्रहगतानामित्यर्थः, सव्वेसिं भवान्तरगताणं कम्मइ काय जोगो चेव ।।७।।

नौ, चार और एक जीव समास में क्रमशः एक दो और पंदरह योग होते हैं। एकेन्द्रिय चार और शेष पांच अपर्याप्तक इन नौ जीव समासों में एक एक योग होता है अर्थात् सामान्यतया एक काययोग होता है विशेष अपेक्षा से सूक्ष्म और बादर पर्याप्तकों के औदारिक काययोग होता है। और उन्हीं के निवृत्ति अपर्याप्तकों के औदारिक मिश्र काययोग होता है। बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त के वैक्रियक काय योग और वैक्रियक मिश्रकाययोग वायु कायिक जीवों की अपेक्षा से होता है। और लब्धि अपर्याप्तक और निवृत्ति अपर्याप्त में सबके औदारिक मिश्रकाययोग ही एकेन्द्रियों के होता है चार जीव स्थानों में बेइन्द्रिय, ते इन्द्रिय चौइन्द्रिय और असैनी पञ्चेन्द्रियो में प्रत्येक में दो दो योग होते है। औदारिक काययोग और असत्य मोष वचनयोग करण पर्याप्तक (की अपेक्षा) ग्रहण किये है।

एक सैनी पर्याप्त में पदरह भी योग होते है। मन के चार वचन के चार औदारिक-वैक्रियिक-आहारकाय योग प्रसिद्ध है औदारिक मिश्र काययोग और कार्मण काययोग संयोग केवली की अपेक्षा समुद्घात काल मे होते हैं। वैक्रियक मिश्र काययोग, आहारक मिश्र काययोग और वैक्रियक आहारक क्रिया करने और आहार करने की अपेक्षा वे पर्याप्त ही हैं।

उस भव में गये तद्भवगत अपने शरीर में वर्तमान रहने वालों की अपेक्षा ये कहे हैं। भव से अन्य भवान्तर है उस मे प्राप्त हुए विग्रहगति वालों का ग्रहण है ऐसा अर्थ या तात्पर्य है। संपूर्ण विग्रहगति वालों के कार्मण काययोग ही होता है।

आठवाँ–सूत्र

उवओगा जोगविही जीवसमासेसु वन्निया एव।
एत्तो गुणेहिं सह संगयाणि ठाणाणि मे सुणह ।।

व्याख्या—'उवयोग' त्ति, गाहाए पुव्वद्धं कण्ठ्यम्। जीवट्ठाणेसु उवओगा जोगा य भणिया। 'ऐत्तो गुणेहिं सह परिसगयाणि ठाणाणि मे सुणह' त्ति। एत्तो गुण—जुत्ताणि ठाणाणि सुणह भणामि त्ति भणिअं भवइ ।।८।।

उपयोग विधि और योग विधि जीव समासों में इस प्रकार वर्णित की गई। इसके आगे इन गुणस्थानों को सुन ! जीव समासों में उपयोग और योग बतलाये गये इसके आगे गुण से युक्त स्थानों को कहता हूं सुनो ऐसा तात्पर्य है।

इयाणि उवदिट्ठ कमागयाण गुण ट्ठाणाणं णिद्देसं करेइ—अब उद्दिष्ट क्रमागत गुणस्थानों का निर्देश करते हैं :—

नौवाँ–गाथा–सूत्र

मिच्छद्दिट्ठी-सासण–मिस्से अजए य देसविरए य।
नव संजएसु एवं चउदस गुणणामठाणाणि ।।

मिथ्यादृष्टि, सासादन, मिश्र, असयत, देशविरत और नौ संयतों में इस प्रकार चौदह गुणस्थान नाम हैं।

व्याख्या—'मिच्छद्दिट्ठि' त्ति, मिच्छादिट्ठी 'सासण' त्ति सासणसम्मद्दिट्ठी 'मिस्स' त्ति सम्मामिच्छद्दिट्ठी' 'अजते' त्ति असंजय सम्मद्दिट्ठी, 'देसविरए' त्ति, संजमासंजओ 'णव संजएसु' त्ति सजएसु णव ठाणाणि। तं॰ पमत्तसजओ अपमत्त सजओ, अपुव्वकरणप विट्ठेसु उवसामगा खवगय, एवं अणियट्ठि बायर साम्पराइय पविट्ठेसु उवसामगा खवगा य उवसन्तकसाय वीतरागच्छउमत्थो, खीणकसाय वीतरागच्छउमत्थो सजोगकेवलि अयोगकेवलि चेति ।।

'मिच्छद्दिट्ठि' का अर्थ मिथ्यादृष्टि है 'सासण' यह सासादन सम्यग्दृष्टि को बतलाने के लिए है 'मिस्स' अर्थात् सम्यग्मिथ्यादृष्टि, 'अजए' या 'अयते अर्थात् असंयतसम्यग्दृष्टि'। 'देसविरए' अर्थात् संयमासंयम। 'णवसंएसु' अर्थात् संयतों में नौगुणस्थान हैं। त जहां—वे इस प्रकार हैं—

प्रमत्त संयत, अप्रमत्त सयत, अपूर्वकरण प्रविष्टों में उपशामक और क्षपक। इस प्रकार अनिवृत्ति बादर साम्पराइकों में प्रविष्ट उपशामक और क्षपक होते हैं। सूक्ष्म सांपराय में प्रविष्ट उपशामक और क्षपक होते हैं। उपशांतकषाय-वीतराग-छद्मस्थ, क्षीणकषाय वीतराग छद्मस्थ, सयोग केवली और अयोग केवली।

तत्थ मिच्छद्दिट्ठि त्ति—मिच्छा अलिय अतथ्य दृष्टिर्दर्शनं मिच्छद्दिट्ठी जेसि जीवाण ते मिच्छद्दिट्ठि, अण्णहाट्ठियमत्थं अण्णहा विचिन्तेति मिच्छत्तस्स उदएणं। यथा—मद्यपीतहृत्पूरक भक्षितपित्तोदय व्याकुलीकृत पुरुष ज्ञानवत्; मिच्छत्त यथार्थवस्थित-रुचि-प्रतिघात कारण। उक्तं च—

मिच्छत्ततिमिरपच्छाइयदिट्ठीरागदोस संजुत्ता।
धम्म जिणपन्नत्तं भव्वाविणरा ण रोचेन्ति ॥१॥
मिच्छद्दिट्ठी जीवो उवइट्ठं पवयणं ण सद्दहइ।
सद्दहइ असब्भावं उवइट्ठं या अणुवइट्ठं ॥२॥
पयक्खरं व एक्कं पि जो ण रोचेइ सुत्तणिद्दिट्ठं।
सेसं रोएन्तोविदु मिच्छद्दिट्ठी मुणेयव्वो ॥३॥
सुत्तं गणहर कहियं तहेव पत्तेय बुद्धकहियं च।
सुयकेवलिणा रइयं अभिन्न दस पुव्विणा कहिय ॥४॥

अथवा

तं मिच्छत्तं जमसद्दणं तच्चाण जाण अत्थाणं।
संसइयमाभग्गहियं अणभिग्गहियं च तं तिविहं ॥५॥

उन चौदह में 'मिच्छद्दिट्ठी' अर्थात् मिथ्या, अलीक अतथ्य, दृष्टिदर्शन या श्रद्धान' यह मिथ्या श्रद्धान जिन जीवों के है वह मिथ्यादृष्टी है। अन्यथा स्थित अर्थ को—पदार्थ को अन्यथा चिन्तन करता है क्योंकि वह मिथ्यात्व के उदय से युक्त है। जैसे मद्य पिया हुआ हत्पूरक (धतूर) खाकर पित्त के उदय से व्याकुल किये गये पुरुष। वैसे मिथ्यात्व यथार्थ अवस्थित रुचि श्रद्धा के प्रतिघात का कारण होता है कहा भी है।

मिथ्यात्व तिमिर से आच्छादित दृष्टि राग द्वेष से संयुक्त भव्य भी मनुष्य जिन प्रणीत धर्म को नहीं चाहते श्रद्धा नहीं करते। मिथ्यादृष्टि जीव उपदिष्ट प्रवचन पर श्रद्धान नहीं करता, उपदिष्ट या अनुपदिष्ट असद्भाव पर श्रद्धान करता है। सूत्र में निर्दिष्ट एक भी पद या अक्षर पर विश्वास नहीं करता है तो शेष पर श्रद्धा करते हुए भी मिथ्यादृष्टि जानना चाहिए। गणधर कथित सूत्र तथा प्रत्येक बुद्ध कथित श्रुतकेवली कथित और अभिन्न दशपूर्वी कथित सूत्र है। अथवा—

जो तत्व और अर्थ का अश्रद्धान है वह मिथ्यात्व है वह संशयित अभिग्रहीत और अनभिग्रहीत के भेद से त्रिविध है।

'सासण सम्मद्दिट्ठी', त्ति—आसाइज्जइ अरोण सम्मत्तमिति आसायणं, सम्मादिट्ठी समदिट्ठी, सह आसायणेण वट्टन्त इति सासायणा ; सासायण सम्मदिट्ठी जेसिं ते भवन्ति सासायण सम्मद्दिट्ठी। उवसम सम्मत्त द्धाए वट्टमाणो जीवो अणंताणुबन्धि उदएण सासणभावं गच्छइ। जहा कोइ। पुरिसो वमगो अणेगगुण संपन्नं पायसं भोत्तूणं धातु वैषम्यात् तस्सोवरि व्यलिक चित्तो भवइ, ण ताव छड्डुइ, णियमा छड्डेहि त्ति, एवं सम्मत्ते व्यलिक चित्तो ण ताव छड्डेइ णियमा छड्डेहि त्ति, सोसासणो। उक्तं च—

उवसामगो उ सव्वो णिव्वाघाएण तह णिरासाणो।
उवसन्ते सासाणो णिरसाणो होइ खीणम्मि ॥१॥
एसो सासण-सम्मो सम्मत्तद्धाए वट्टमाणोय।
आसायणाए सहिओ सासण सम्मोत्ति णायव्वो ॥२॥

इसके द्वारा सम्यक्त्व की आसादना होती है इसलिए 'आसादन' कहते हैं। समीचीन दृष्टि को सम्यग्दृष्टि कहते है वह दृष्टि आसादना के साथ रहती है इसलिए 'सासादना' कहलाती है। वह आसादना सहित दृष्टि जिनके होती है वे सासादन सम्यग्दृष्टि हैं। उपशम सम्यक्त्व के काल में वर्तमान जीव अनंतानुबंधी के उदय से सासादन भाव को प्राप्त होता है। जैसे कोई पुरुष दमन करने वाला अने गुण संपन्न दूध को पीकर धातु की विषमता से उस पर अन्यथा-विपरीत चित्त वाला होता है तो क्या वह उस दूध का वमन नहीं करता है अवश्य वह छर्दी करता है। इस प्रकार सम्यक्त्व के विषय में विपरीत चित्त वाला क्या उसमम्यक्त्व का वमन नहीं करता है अवश्य वमन करता है वह सासादन है कहा भी है—उपशम श्रेणी मांडने वाला निर्व्याघात के कारण—अनंतानुबंधी के विसंयोजन के कारण आसादनारहित होता। वैसे ग्याहरवें उपशांत में तथा क्षीण दर्शनमोह में निरासादन प्रथमोपशम सम्यक्त्व के काल में वर्तमान और आसादना सहित यह सासादन सम्यग्दृष्टि होता है। ऐसा जानना चाहिए।

सम्मामिच्छद्दिट्ठि त्ति—सम्मं च मिच्छा च सम्ममिच्छाद्दिट्ठी जेसिं जीवाण ते भवन्ति सम्मामिच्छद्दिट्ठी मिस्सद्दिट्ठी विरताविरतवत्। पढमं सम्मत्तं उप्पाएन्तो तिन्नि करणाणि करेत्ता उवसम-सम्मत्तं पडिवन्नो मिच्छत्तदलियं तिपुञ्जी करेइ-सुद्धं मिस्सं अविसुद्धं चेति। जहा मयण-कोद्दवाणिव्वलिया मिस्सा अणिव्वलिया य। निव्वलिय-सरिसं सम्मत्तं, अणिव्वलिय सरिसं मिच्छत्तं मिस्स सरिसं सम्मा मिच्छत्तं सद्दहण णासण-लक्खणं, सुद्धासुद्धा मिस्स कोद्दवोदणभोजि पुरिस-परिणाम-

वत् । सुद्धवेई सम्मदिट्ठी हवइ, जहा सुद्ध कोद्दवोदण भोजिपुरिसो स्वच्छेन्द्रिय-ज्ञानावबोधो भवति । उक्तं च—

समीचीन और मिथ्या ऐसी सम्यक् मिथ्यादृष्टि जिन जीवों के होती है वे सम्यक् मिथ्यादृष्टि विरताविरत की भांति होते है । प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करने वाला तीन करण करके उपशम सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ, वह मिथ्यात्व का दलन करके तीन पुञ्ज करता—तीन भाग करता है शुद्ध मिश्र और अशुद्ध । जैसे मदन कोद्रव या कोदु निर्बल मिश्र और अनिर्बल होते हैं । निर्बल के समान सम्यक्त्व है अनिर्बल के समान मिथ्यात्व और मिश्र के समान सम्यग्मिथ्यात्व होता है श्रद्धान के णास करने के लक्षण से युक्त है, शुद्ध और अशुद्ध मिश्र कोद्रव ओदन के खाने वाले पुरुष के तुल्य परिणाम वाला होता है । शुद्ध वेदन करने वाला सम्यग्दृष्टि होता है । जैसे शुद्ध कोद्रव या कोदु के भात को खाने वाले पुरुष के समान प्रसन्न इन्द्रिय ज्ञानावबोध वाला होता है । कहा भी है—

सम्मत्त गुणेण तओ विसोहई कम्ममेस मिच्छत्तं ।
सुज्झन्ति कोद्दवा जह मदणा ते ओसहे णेव ।।१।।
जं सव्वहाभविसुद्धं तं वेवय भवइ कम्म सम्मत्तं ।
मिस्सं अद्धविसुद्धं भवे असुद्धं भवं असुद्धं च मिच्छत्तं ।।२।।
तिव्वाणु भावजोगो भवइ हु मिच्छत्त वेयणिज्जस्स ।
सम्मत्ते अइमन्दो मिस्से मिस्से मिस्साण भावोय ।।३।।
(स) मयणकोद्दव भोजी अणप्पवसयं णरो जहा जाइ ।
सुद्धाई उ ण मुज्झइ मिस्सगुणा वा वि मिस्साई ।।४।।
सद्दहणासद्दहणं जस्स य जीवस्स होइ तच्चेमु ।
विरियाविरएण समो सम्मामिच्छो' त्ति णायव्वो ।।५।।

जीव सम्यक्त्व गुण के द्वारा इस मिथ्यात्व को विशुद्ध करते हैं जैसे औषध के द्वारा ही मदन कोद्रव कोदु शुद्ध किये जाने होते हैं ।।१।।

जो सर्वथा विशुद्ध है वह कर्म भी सम्यक्त्व है और जो अर्द्ध विशुद्ध है वह मिश्र है और जो अशुद्ध है वह मिथ्यात्व है ।।२।।

जो तीव्रानुभाव योग वाला है वह मिथ्यात्व वेदनीय है सम्यक्त्व में असयत मन्द अनुभाग होता है । और मिश्र में मिश्र अनुभाग होता ।।३।।

मदन कोद्रव—कोदु का भक्षण करने वाला नर जैसे अनात्मवश या आपे ये नहीं रहता है । शुद्ध कोदु के भात के भक्षण से मूर्च्छा को या मोह को प्राप्त नहीं होता है और मिश्र के भक्षण से मिश्र भाव को प्राप्त होता है ।।४।।

जिस जीव के श्रद्धान और अश्रद्धान रूप भाव तत्वों के विषय में होता है उसे विरताविरत के तुल्य सम्यक्त्व मिथ्यात्व रूप मिश्र भाव वाला जानना चाहिए ।।५।।

असंजय सम्मद्दिट्ठी त्ति—ण संजओ असंजओ, सम्मादिट्ठि जेसिं ते भवन्ति सम्मद्दिट्ठी, असंजओ य सो सम्मद्दिट्ठी य सो असंजयसम्मद्दिट्ठि । अपच्चक्खाणावरणाणं उदए वट्टमाणा विरइं ण लहइ । "अप्पच्चक्खाणाणं उदए णियमा चउक्कसायाणं । सम्मदिट्ठीविणरा विरयाविरइं ण पावेन्ति दंसण मोहणिज्जस्स कम्मस्स, खय खयोवसमोवसमे वट्टमाणो अस्संजय सम्मद्दिट्ठी भवइ । उक्तं च—

सद्दहिऊण य तच्चे इच्छन्तो णेव्वुइं परम सोक्खं ।
घेत्तूण णव पयाइं अरिहाइसु णिच्च भत्तिजुत्तो ।।१।।

बन्धं अविरइहेउं जाणन्तो रागदोस दुक्खं च ।
विरइसुहं इच्छन्तो विरइं काउं च असमत्थो ।।२।।

एस असंजय सम्मो णिन्दन्तो पावकम्मकरणं च ।
अभिगय जीवाजीवो अचलिय दिट्ठी चलिय मोहो ।।३।।

जो संयत नहीं है वह असंयत है । जिनके सम्यग्दृष्टि होती है वे सम्यग्दृष्टि होते है । असंयत और जो सम्यग्दृष्टि वाला है वह असंयत सम्यग्दृष्टि है । अप्रत्याख्यानावरण के उदय मे वर्तमान होने से विरति को प्राप्त नहीं करते हैं । सम्यग्दृष्टि होने पर भी विरताविरति को नही पाते हैं । दर्शनमोहकर्म के क्षय, क्षयोपशम या उपशम में वर्तमान असयत् सम्यग्दृष्टि होता है । कहा भी है—

तत्त्वों पर श्रद्धान् करके और निर्वाण परम सुख को चाहते हुए नव पदार्थों का निश्चय करके अरहंतादिको में नित्य भक्ति युक्त है जो बंध को अविरति के हेतु को राग द्वेष और दुःख को जानते हुए विरति सुख को चाहते हुए भी उस विरति को करने में असमर्थ यह असंयत सम्यग्दृष्टि पाप कर्म और करण-परिणाम की निन्दा करते हुए निश्चित जीवाजीव का जानने वाला, अचलित श्रद्धान वाला और चलित-मोह होता है ।

संजया संजओ त्ति—संजओ य सो असंजओ य सो संजयासंजओ, अद्धाओ अस्संजमाओ विरओ अद्धाओ अविरओत्ति, अपच्चक्खाणावरणाणं उदयक्खए पच्चक्खाणावरणाणं च उदय वट्टमाणे संजयासंजओ भवइ ।

"आवरयन्तिय पच्चक्खाणं अप्पमवि जेण जीवस्स
तेणाऽपच्चक्खाणावरणा णमु होइ अप्पत्थे ।।१।।

सव्वं पचक्खाणं जेणावरयन्ति अभिलसन्तस्स ।
तेण उ पच्चक्खाणावरणा भणिया णिरुत्तीहिं ।।२।।

सम्मद्दंसणसहिओ ठोण्हन्तो विरइमप्पसत्तीए ।
एक्कव्वयाइ चरिमो अणुमइमेत्तो त्ति देसंजई ।।३।।

परिमियमुवसेवन्तो अपरिमिय मणन्तयं परिहरन्तो
पावइ परम्मिलोए अपरिमिय मणन्तयं सोक्खं ।।४।।

पमत्तसंजओ त्ति—पमत्तो य सो संजओ य सो पामत्तसंजओ अपच्चक्खाणा-वरणोदय रहिओ, संजलणाणं उदए वट्टमाणो पमाय सहिओ पमत्तसंजओ ।

"विकहा कसाय विकडे, इन्द्रियणिद्दा पमाय पञ्चविहो ।
एक सामन्नतरे जुत्तो विरओऽपि हु पमत्तो ।।१।।

जह रागेण पमत्तो ण सुणइ दोसं गुणं च बहुयं पि
गुत्तीसमिइपमत्तो पमत्तविरओ त्ति णायव्वो ।।२।।

संयत और असंयत संयतासंयत अर्द्ध असंयम में विरत और अर्ध में अविरत अप्रत्याख्यानावरण के उदय क्षय से और प्रत्याख्यान के उदय में वर्तमान संयतासंयत होता है। "अल्प भी जीव के प्रत्याख्यान को रोकता है इस कारण अप्रत्याख्याना-वरण अल्पार्थ में निश्चय से प्रयुक्त है। और जिसके द्वारा सर्वप्रत्याख्यान की अभिलाषा करने वाले का वह प्रत्याख्यान ढक दिया जाता है इसलिए निरुक्ति के द्वारा प्रत्या-ख्यानावरण कहते हैं। सम्यग्दर्शन सहित आत्मशक्ति से विरति को ग्रहण करने वाला एक व्रतादिक को आदि चरम अनुमतिपर्यंत देशयति होता है ।।३।। परिमित का उपसेवन करने वाला अपरिमित अनंत को छोड़ने वाला परलोक में अपरिमित अनंत सुख को पाता है ।।४।।

प्रमत्तसंयत—प्रमत्त और सयत प्रमत्तसंयत है। अप्रत्याख्यानावरण के उदय से रहित संज्वलन के उदय में वर्तमान प्रमाद सहित प्रमत्तसंयत होता है। "विकथा कषाय इन्द्रिय स्नेह निद्रा ऐसे प्रमाद पांच प्रकार का है। इन सामान्यतर में
४ ४ ५ १ १
लगा हुआ भी विरत भी प्रमत्त संयत है। जैसे राग के द्वारा प्रमत्त गुण और दोष को बहुत भी नहीं जानता सुनता, गुप्ति-समिति--प्रमत्त प्रमत्त-विरत है ऐसा जानना चाहिए।

अपमत्तसंजओत्ति—अपमत्तोय सो संजओ य सो अप्पमत्तसंजओ सर्व प्रमाद रहित इत्यर्थः।"विकहादयो पमाया तस्सहियो सो पमत्तविरओ उ। सव्वप्पमाय रहिओ विरओ सो अप्पमत्तो उ ।।१।।

अप्रमत्त और जो संयत है वह अप्रमत्त संयत है अर्थात् सर्वप्रमाद रहित है।

जिसके विकथा आदि प्रमाद है या प्रमाद से सहित है ऐसा वह प्रमत्तविरत है और जो सर्वप्रमाद से रहित है वह अप्रमत्त है।

अपुव्वकरणपविट्ठेसु अत्थि उवसामगा खवगात्ति-पुव्वंकरणं पुव्वकरणं, ण पुव्व-करणं अपुव्वकरणं,अपुव्वकरणं पविट्ठा अपुव्वकरण पविट्ठा,तेसु अपुव्वकरण पविट्ठेसु अत्थि उवसामगा खवगा य। बिइयं नामं नियट्टिणो त्ति परोप्परं परिणामं णियट्टि त्ति·नियट्टो जातो तेसिं समए समए असङ्खेज्जलोगागास पएसमेत्ताणि विसोही ठाणाणि भवन्ति, तत्थ पथम समए यदि वट्टन्ता विसरिसपरिणामा किं अपुव्वकरणं ? कहं वा पवेसो भवइ त्ति तं भन्नइ-अपुव्वकरणट्ठाणाणि असंखेज्ज लोगागासपएसमेत्ताणि विसोहिस्ट्ठाणि। तं जहा :—

अपूर्वकरण प्रविष्टों में उपशामक और क्षपक हैं। जो पूर्व करण हो वह पूर्व-करण है, जो करण पहले न हो वह अपूर्वकरण है। जो अपूर्व करण-परिणाम में प्रविष्ट हैं वे अपूर्वकरण प्रविष्ट हैं। उन अपूर्व करण प्रविष्टों में उपशामक और क्षपक हैं। दूसरा नाम 'नियट्टिणो' निवर्तमान है परस्पर परिणाम निवर्तमान-लौटकर समान होने वाले, निवर्तमान हुए। उनके समय समय में असंख्यात लोकाकाश प्रमाण विशुद्ध स्थान होते हैं। वहां प्रथम समय में यदि वर्तमान विसदृश परिणाम हैं तो अपूर्वकरण क्या है ? और प्रवेश कैसे होता है ? उसको बतलाते हैं : अपूर्वकरण स्थान असख्यात लोकाकाश प्रदेश मात्र विशुद्धि स्थान हैं—वे इस प्रकार हैं :—

अपुव्वकरणस्स पढमसमए विसोहिट्ठाणाणि सव्वथोवाणि। बिइय समए वि विसोहिठाणाणि विसेसाहिगाणि। तइय-समए विसेसाहिगाणि। एवं विसेसाहिगाणि विसेसाहिगाणि ताव जाव अपुव्वकरण चरिम समओ त्ति। अपुव्वकरणस्स पढमसमए जहन्नया विसोहि थोवा, तस्सेवुक्कोसिया विसोहि अणन्तगुणा बिइय-समए जहन्निया विसोहि अणन्तगुणा, तस्सेवुक्कसिया विसोहि अणन्तगुणा। तइयसमए जहन्निया विसोहि अणन्तगुणा, तस्सेवुक्कसिया विसोहि अनन्तगुणा, एवं अणन्तगुण सेढीए णायव्वं जाव अपुव्वकरणस्स चरिम समओ त्ति। अपुव्वकरणस्स पढमसमए जाणि विसोहिट्ठाणाणि बिइयसमए ततो अपुव्वाणि त्ति, तम्हा विसोहि परिणामट्ठाणि अपुव्वाणि त्ति वुच्चन्ति।

अपूर्व करण के प्रथम समय में विशुद्धि स्थान सबसे कम हैं। दूसरे समय में विशुद्धि स्थान विशेष अधिक हैं। तीसरे समय में विशेष अधिक हैं। इस प्रकार विशेष अधिक विशेष अधिक तब तक ले जाना चाहिए जब तक अपूर्व करण का चरम समय है। अपूर्व करण के प्रथम समय में जघन्य विशुद्धि स्थान अल्प है उसकी ही उत्कृष्ट

विशुद्धि अनन्तगुणी है। दूसरे समय में जघन्य विशुद्धि अनन्त गुणी है। उसी की उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है। तीसरे समय में जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है। उस की ही उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है। इस प्रकार अनन्तगुणी श्रेणी में जानना चाहिए जब तक अपूर्व करण का चरम समय है। अपूर्व करण के प्रथम समय में जो विशुद्धि स्थान है दूसरे समय में उससे अपूर्व हैं इसलिए विशुद्धि परिणाम स्थान अपूर्व कहे जाते हैं।

ताणि अपुव्वाणि विसोहि परिणामट्ठाणाणि पविट्ठा अपुव्वकरणपविट्ठा तेसु अपुव्वकरणपविट्ठेसु अत्थि उवसामगा खवगाय, उवसमइस्सन्ति त्ति उवसामगा। खवइस्सन्ति त्ति खवगा। ण इयाणि उवसमयन्ति त्ति, खयन्ति त्ति वा, किंतु अभिमुह भावेणेयमभिहियं, निल्लेवणयाए पयडिं न खवयति ठिइघायं पुण करोति उक्तं च—

> सो अणुभागठिईणं घायमपुव्वं करेइ ठिइबन्धं
> अणुभागं च विसोहिं उदीरणा उदयगुण सेढी ॥१॥
> तम्हा अपुव्वकरणो विरओ उवसन्तमाण मयरागो
> सो उवसामग-खवगो दुविहो उवसमण खवणरिहो" ॥२॥

जहा रायारिहो कुमारो राया इति।

> "अत्थं जहा वयमी विणियट्टिय इन्दियत्थु विसयगणो
> सुविसुद्ध भावलेसो सुक्कज्झाणो णिरुद्धतणू ॥१॥
> णय उवसमेइ कम्मं खवेइ तम्मि य अपुव्वकरणम्मि
> करिहिइ उवसम खवणं जह घयकुम्भो तहा सोवि ॥२॥

वे अपूर्व विशुद्धि परिणाम स्थान प्रविष्ट, अपूर्वकरण प्रविष्ट हैं उनमें अपूर्व करण प्रविष्टों में उपशामक और क्षपक हैं। जो उपशम करें वे उपशामक हैं जो क्षपण करें वे क्षपक हैं जो वर्तमान में न तो उपशम करते हैं न खपण करते हैं किन्तु अभिमुख भाव से यह कहा गया है जीव निर्लेप अवस्था में प्रकृति का क्षय नहीं करता है किन्तु स्थिति घात कर सकता है। कहा भी है—

वह अनुभाग स्थिति का अपूर्वघात करता है स्थिति बन्ध और अनुभाग को भी करता है विशुद्धि उदीरणा-उदय गुण श्रेणी (निर्जरा) को भी करता है। इसलिए अपूर्वकरण विरत सद्धर्ममय मन मदराग को करने वाला उपशामक और क्षपक दो प्रकार का है उपशमन क्षपण में योग्य है जैसे राजा होने योग्य कुमार राजा है। "अर्थ को जैसा है कहता हूं। विनिवर्तित किया है इन्द्रिय अर्थ विषय गण को जिसने जो विशुद्ध भाव लेश्या वाला है शुक्र ध्यान युक्त है शरीर का जिसने निरोध

किया है। जो कर्म का उपशम नहीं करता है व क्षपण ही करता है और उस अपूर्व करण में उपशम क्षपण करने की योग्यता है करेगा। जैसे घी का घड़ा वैसे वह भी उपचार से उपशामक है और क्षपक है।

अणियट्टिबायरसंपराइगपविट्टेसु अत्थि उवसामगा खवगा त्ति, ण ,णियहेति अणियट्टिपरिणामों, अहवा ण अस्स णियहणमत्थि त्ति अणियट्टी, अओ तेसिं पढम-समए सव्वेसिं सरिससुद्धी, एवं बियाइसमएसुवि जाव चरिमसमओ त्ति, उक्तं च—

"इतरेतरपरिणामं ण य अइवट्टन्ति बायरकसाया।
सव्वे वि एगसमए तम्हा अणियट्टिनामाते ॥१॥

अथवा प्रकृष्टा उत्कृष्टपरिणामा भावओ वा अणियट्टी, उक्तं च—

"एक्केक्को परिणामो उक्कोसजहन्नओ जओ णत्थि
तम्हा णत्थि णियट्टणमओवि अणियट्टिणामाते।"

बायरो संपराओ जस्स सो बायरसंपरागो, संपरायसद्दो सव्वकम्मेसु वट्टमाणा अहिकारवसाओ कसायवाई परिग्गहो। बायरकसाए वेएमाणो बायर संपरागो त्ति वुच्चइ, अणियट्टी य सो बायरसंपरागो य सो अणियट्टि बायरसंपरागो, अणियट्टि बायरसंपरायं पविट्ठा अणियट्टि बायरसंपराय पविट्ठा, तेसु अणियट्टि बायर सम्पराय पविट्ठेसु अत्थि उवसमगा खवगाय।

अनिवृत्ति बादर सांपराइक प्रविष्ट में उपशामक है और क्षपक है। नहीं लौटता है नहीं निवर्तता है वह अनिवृत्ति परिणाम है अथवा इसके निवर्तन नहीं है इसलिए अनिवृत्ति है अतः उनके प्रथम समय में समान शुद्धि सबके है, इस प्रकार दूसरे आदिक समयों में चरम समय तक समान विशुद्धि है कहा भी है— "अन्यन्य परिणाम का अतिवर्तन नहीं करते हैं और बादर कषाय से युक्त हैं सबके सब ही एक समय में उक्त प्रकार के हैं अतः वे अनिवृत्ति नाम वाले हैं। अथवा प्रकृष्ट या उत्कृष्ट परिणाम भाव वाले हैं अतः अनिवृत्ति है कहा भी है—एक एक परिणाम है, क्योंकि उत्कृष्ट जघन्य नहीं है, निवर्तन नहीं है इसलिये वे अनिवृत्ति नाम वाले हैं ॥१॥

जिसके बादर संपराय-कषाय है वह बादर संपराय है संपराय शब्द सर्व कर्मों में वर्तमान है तो भी अधिकार के वश में यहां कषाय वाचक ग्रहण किया है। बादर कषाय का वेदन करने वाला बादर सांपराय है ऐसा कहा जाता है। वह अनिवृत्ति और बादर सांपराय है अतः अनिवृत्तिबादर सांपराय है अनिवृत्ति बादर सांपराय में प्रविष्ट अनिवृत्ति बादर सांपरायप्रविष्ट हैं उनमें अनिवृत्त बादर सांपराय प्रविष्टों में उपशामक हैं और क्षपक है।

भावं न णियट्टेई विसुद्धलेसो णिरुद्धमयरागो
किट्टीकरणपरिणग्रो बायररागो मुणेयव्वो ।।१।।

सो पुव्व फड्डुगाणं हेट्ठा अण्णाणि फड्डुगाइं तु
पकरेइ अपुव्वाइं अणन्तगुणहीयमाणाइं ।।२।।

तत्तो अपुव्वफड्डुगहेट्ठा बहुगा करेइ किट्टीग्रो
पुव्वाग्रो य अपुव्वेहिंतो ग्रोकड्ढिय पएसे ।।३।।

लो बायर किट्टीग्रो वेएमाणो करेइ सुहुमाग्रो
बायर किट्टीहेट्ठा किट्टीग्रो सुद्धलेसाग्रो ।।४।।

वेएइ बायराग्रो किट्टीग्रो तेण बायरो णाम
कम्माणि उवसमन्तो उवसमगो खवणग्रोश्ववगो ।।५।।

णासेइ तग्रो खवग्रो लोभं मोत्तूण मोहवीसमवि
ग्रहथीण गिद्धितिगमवि तेरस णामावि एत्थेवं ।।६।।

उवसामगस्स ग्रत्थो इमो—

सो पुव्व फड्डुगाणं तु सुहुमा ग्रोकट्टिऊणं किट्टीग्रो
पकरेइ यउवसमग्रो उवसमयन्ति मोहवी समवि ।।७।।

उवसन्तं जं कम्मं ण य ग्रोकड्ढइ णद्देइ उदएवि
णय गमयइ परपगइं ण चेव ग्रोकड्ढते तं तु ।।८।।

भाव को नहीं लौटाता, विशुद्ध लेश्या वाला हैं मदराग रहित होता हैं कृष्टि करने में परिणत है वह बादर राग वाला जानना चाहिए।१। किन्तु वह पूर्व स्पर्धकों के नीचे अन्य अपूर्व स्पर्धकों को अनन्तगुणहीय मान करता है ।।२।। उस के पश्चात् अपूर्वस्पर्धकों के नीचे बहुत बार कृष्टियों को करता है और पूर्ववर्ती अपूर्वों से उत्कर्षित प्रदेश में करता है ।।३।। ? वह बाहर कृष्टि का वेदन करते हुए सूक्ष्म करता है बादर कृष्टि के नीचे कृष्टियों तथा शुद्ध लेश्याओं को करता है ।।४।। बादर कृष्टियों का वेदन करता है इस कारण बादर (सांपराय) नाम है। कर्मों का उपशम करते हुए उपशमक और क्षपण करने वाला क्षपक है। तब क्षपक लोभ को छोड़कर मोह की बीसों ही कोसों दूर करता है अथ स्त्यानगृद्धित्रिक और नाम का तेरह का भी यहीं क्षपण करता है ।।६।। उपशामक का अर्थ निम्न प्रकार यह है—

वह पूर्व स्पर्धकों का तो अपकर्षण करके सूक्ष्म कृष्टियों को करता है और उपशमक मोह की बीसों प्रकृतियों का उपशम करता है जो उपशान्त कर्म है न तो उसका अपकर्षण करता है न उदय में ही देता है न संक्रमण करता है और न उसका अपकर्षण ही करता है। किन्तु

सुहुमसम्पराइग पविट्ठेसु अत्थि उवसामगा खवगा त्ति-सुहुमोइ सम्पराओ जस्ससेसुहुमसम्परायो, सुहुमसम्परायं पविट्ठा सुहुम सम्परायपविट्ठा, तेसु सुहुम सम्पराय पविट्ठेसु अत्थि उवसामगा खवगाय बायर रागेण कयाओ किट्टिओ सुहुमो वेएइ जतो। आहगाहाओ—

सम्मं भावपरायण गुणेण किट्टीपकिट्टि करणेण
मोहस्से क्कारसमी बारसमि वाबि जा किट्टी ॥१॥

बारसमी जा किट्टी शुद्धा किट्टी करेइ सुहुमाओ
पक्कार समीएँ ठिओ कड्ढिय सुहुभाउ किट्टीओ ॥२॥

बायर–रागेण कया सुहुमो वेएइ सुहुम किट्टओ
तम्हा सुहुम कसाओ सुहुमो सुद्धप्पयोग्गा ॥३॥

उवसमगो उवसमयइ खवगो णासेइ सुहुम किट्टीओ
ते पुण विसुद्धभावा जन्ति दुवे दुविह सेढ़ीओ ॥४॥

सूक्ष्मसाम्पराय प्रविष्टों में उपशामक है और क्षपक हैं। सूक्ष्म सांपराय जिसके है वह सूक्ष्म सांपराय है जो सूक्ष्म सांपराय में प्रविष्ट हैं वे सूक्ष्म सांपराय प्रविष्ट हैं उन सूक्ष्म सम्पराय प्रविष्टों में उपशामक और क्षपक हैं। बादरराग के द्वारा कौनसी कृष्टियों का बादर साम्पराय वेदन करता है। गाथाओं को कहते हैं :—

सम्यक् भाव परायण गुण के द्वारा कृष्टि प्रकृष्टि के करने से मोह की जो ग्यारहवीं या बारहवी कृष्टि है जो बारहवीं कृष्टि शुद्ध है सूक्ष्म कृष्टियों को करती है ग्यारहवीं में स्थित उत्कर्षण करके सूक्ष्म कृष्टियों को करता है बादर राग के द्वारा कभी सूक्ष्म वाला सूक्ष्म कृष्टियों का वेदन करता है इसलिये सूक्ष्म कषाय, सूक्ष्म शुद्ध प्रयोगात्मा है। उपशमक उपशामन करता है क्षपक सूक्ष्म कृष्टियों का नाश करता है और वे विशुद्ध भाव वाले दोनों दो प्रकार की श्रेणियों वाले हैं ॥४॥

उवसन्तकसायवीयराय छउमत्थे त्ति—उवसन्ता कसाया जेसिं ते भवन्ति उवसन्त कसाया,वीओ रागो जेसिं ते भवन्ति वीयरागा, उवसन्त कसाया यतेवीयरागा यते उवसन्त कसाया इति सिद्धे वीयराय वयणं अनर्थक मिति चेत् ? न, हेयहेतुमद्वचनात् को हेतु ? किं वा हेतुमत् ? उवसन्त कसायत्तं हेऊ। वीयरागत्त हेतुमत्, तम्हा उवसन्त कसाय वीयरागा इति, छउमं–आवरण छउमत्थणाण सहचरियत्ताओ छउमत्थणाण सहचरियत्ताओ छउमत्थ ववएसो, तम्मि वा चिट्ठइ त्ति छउमत्थो, उवसन्त कसाय बीतरागा य ते छउमत्था य उवसन्त कसाय वीयराय छउमत्था।

उपशान्त कषाय-वीतराग-छद्मस्थ। उपशान्त हो गई हैं कषायें जिनकी वे उपशान्त कषाय होते हैं बीत गया है राग जिनका वे वेबीतराग होते हैं उपशान्त

कषाय और वे वीतराग उपशान्त कषाय वीतराग हैं। 'उपशान्त कषाय' ऐसा सिद्ध होने पर, 'वीतराग' वचन व्यर्थ है यदि ऐसी आशंका हो तो कहते हैं? व्यर्थ नहीं है चूंकि हेतु-हेतुमत् रूप कथन है। कौन हेतु है और कौन हेतु मत्‌ हैं? उपशान्त कषायत्व हेतु है—कारण है और वीतरागत्व हेतुमत् कार्य है। इसलिये 'उपशान्त कषाय वीतराग' ऐसा कहा है। छद्म-ज्ञान आवरण को कहते हैं छद्मस्थ के ज्ञान के साहचर्य से छद्मस्थ व्यपदेश है उसमें जो रहता है वह छद्मस्थ है उपशान्त कषाय वीतराग और वे छद्मस्थ उपशान्त-कषाय-वीतराग-छद्मस्थ हैं।

खीणकसाय वीयराय छउमत्थ—त्ति खीणा कसाया जेसिं ते भवन्ति खीण कसाया, वी श्रोरागो जेसिं ते भवन्ति वीयरागा, खीण कसाय इति सिद्धे वीयराग गगहणमनर्थं कमिति चेत्? न अनर्थं कंकुतः? खीण कसायवयणं कारणद्व्वविणा-दंसणत्थं, वीयरागवयणं कज्जोवदंसणत्थमिति उभयग्गहणं, अहवा णिमित्तनैमित्तिकववए सत्थं, णिमित्त विणासे नैमित्तिक विणासो भवतीति, छउमत्थणाण सह चरियाओ छउमत्थ इति, जहा कुन्त सह चरिओ कुन्तो, लट्ठिसहचरिओ लट्ठित्ति, तम्मि वा कुइ में चिट्ठइ त्ति छाउमत्थो, खीणकसाय वीयरागो य सो उमत्थो य सो खीण कसाय वीराय छउमत्थो दोण्णिलक्खणपण गाहाओ—

"तम्मि उ कसाय भावाभावे सुद्धं भये अह कसायं
चरित्तं दोण्हपि य उवसन खीणमोहाणं ॥१॥

जलमिन पसन्त कलुसं पसन्तमोहो भये उ उवसन्तो
गय कलुसं जह तोयं गयमोहो खीण मोहो वि ॥२॥

णय राग दोस होऊ भावा य भवन्ति केइ इह लोगे
णय खो भयन्ति केइ उवसन्ते खीण मोहे य ॥३॥

रागप्प दोसरहिओ झायन्तो झाणमुत्तमं खीणो
पावइ परं पमोयं धाइलिगं णासिऊण तलो ॥४॥

क्षीण कषाय-वीतराग-छद्मस्थ-क्षीण हो गई हैं कषाएँ जिनकी वे क्षीण कषाय हैं बीत गया है राग जिनका वे वीतराग हैं। 'क्षीण कषाय' ऐसा सिद्ध होने पर 'वीतराग' ग्रहण अनर्थक है यदि ऐसा कहते हो? कहते हैं—अनर्थक नहीं है। कैसे? क्षीण कषाय वचन कारण द्रव्य के विनाश को दिखाने के लिये है और वीतराग वचन कार्य को दिखाने के लिये है। इसलिये दोनों का ग्रहण किया है। अथवा निमित्त नैमित्तिक व्यपदेश के लिये है। निमित्त के विनाश होने पर नैमित्तिक का नाश होता है। छद्मस्थ ज्ञान के साहचर्य से छद्मस्थ ऐसा कहते हैं। जैसे 'कुन्त' शस्त्र के साहचर्य वाला कुंत, यष्टि लट्ठ से युक्त यष्टि लट्ठ, उस छद्मस्थ में जो रहता है वह छद्मस्थ

है और क्षीण कषाय वीतराग है वह छद्मस्थ। क्षीण कषाय वीतराग छद्मस्थ है। दो लक्षण गाथाएँ हैं—

उसमें कषाय भाव के अभाव होने पर शुद्ध यथाख्यात होता है वह चारित्र उमशांतमोह और क्षीणमोह दोनों के होते है ॥१॥ प्रशांत कलुष जल की भांति प्रशान्तमोह उपशांत होता है। कलुष रहित जैसे जल होता है वैसे क्षीण मोह भी॥२॥ कोई भी राग द्वेष भाव इस लोक में नहीं जो उपशांत मोह और क्षीण मोह को क्षुभित करते हैं। राग द्वेष रहित क्षीण कषायवाला उत्तम ध्यान को ध्याते हुए घातित्रय को नाश कर उसके पश्चात् परम प्रमोद को पाता है।

सयोगि केवलित्ति—सह जोगेण वट्टइ त्ति सजोगी, केवलं अमिस्सं संपुन्न वा किं तं केवलं ? णाणं, तं जस्स अत्थि सो केवली सजोगी य सो केवली य सजोगि केवली 'अजोगी केवलि' त्ति ण अस्स जोगो अत्थित्ति अजोगी, एत्थ गाहाओ "चित्तं चित्त पडिणिभं तिकालविसयं तओसलोगमियं। पिक्खइ जुगवं सव्वं सो लोगसव्वथावन्नु॥१॥ विरियं णिरन्तरायं भवइ अणंतं तया य तस्स सया। मणवयण कायसहिओ केवलणाणी सजोगिजिणो॥२॥ सो सो जोगणिरोहं करेइ लेसणिरोहमिच्छन्तो। दुसम य ठिइगं बन्ध जोगणिमित्तंस णिरुणद्ध॥३॥ समए समए कम्मादाणे सइ सन्तयम्मि णय मोक्खो। वेइज्जइ कम्मंपुण ठिइखयाओ उ अज्जिय यं॥४॥ णो कम्मेहिं विरियं जोगं दव्वेहिं भवइ जीवस्स। तस्स अवत्थाणेण णु य सिद्धो दुःसमयठिइबन्ध॥५॥ वायर तणूणं पुव्वं मणोवईवायरे स णिरुणद्धि। आलम्बणाय करणं दिट्ठमिणं तत्थ विरियवओ॥६॥

सयोग केवली—जो योग सहित है वह सयोगी है केवल, अमिश्रयासम्पूर्ण वह क्या है ? ज्ञान है वह जिसके है वह केवली है सयोग और जो केवली है वह सयोग केवली है। अयोग केवली—इस के योग नहीं है अतः अयोगी है। इस विषय में उपयोगी गाथाएं हैं त्रिकाल को विषय करने वाला लोक सहित अलोक को पूर्ण रूप से चित्र के समान विचित्र रूप में युगपद् जो ज्ञान प्रकाश जानता है वह सर्व भाववान् है। जिसके अन्तराय रहित सहाअनंतवीर्य है जो मन वचन काय रूप अप्रयत्नरमक योग सहित केवल ज्ञानी है वह सयोगी जिन है। जो लेश्या का निरोध करने के लिए योग का निरोध करता है॥२॥ वह योग निमित्तक समय स्थिति वाले बन्ध का निरोध करता है॥३॥ समय समय प्रति कर्म के ग्रहण और सत्व के होने पर विप्रमोक्ष नहीं होता है क्योंकि स्थिति पूरी होने पर अर्जित कर्म का वेदन करता है। जिस जीव के मोक्ष द्रव्य कर्म से वीर्य नहीं होता है उस के दो समय स्थिति वाला बन्ध अवस्थान रूप से सिद्ध होता है॥५॥ बादर काययोग की सहायता से पहले

बादर मन वचन का वह निरोध करता है यह आलंबन करण वहाँ वीर्य मय बतलाया है ।६।

'समय द्विगिबंधो' गो. क. गा. २७४ सत्व की अपेक्षा से है ।

बायर तणुमवि णिरुणद्धि सुहुमेणाकायजोगेण,
ण णिरुज्झए उ सुहुमा जोगो सइ बायरे जोगे ।।७।।

सुहुमेण कायजोगेण ततो णिरुणद्धि सुहुमवायमणे ।
भवइ य सुहुमक्किरिओ जिणो तया किट्टिकयजोगे ।।८।।

णासेइ कायजोगं थूलं सोऽपुव्व फड्डगी किच्चा ।
सेसस्स कायजोगस्स तया किट्टी य स करेति ।।९।।

तमवि सजोगं सुहुमंरुद्धन्तो सव्वपज्जयाणुगयं ।
झाणं सुहुमकिरियं अप्पडिवायं च उवयाइ ।।१०।।

झाणे दढप्पिए पुण अक्किरियाऊ तणू भवइ दिट्ठा ।
आणापाणु णिमीलुम्मील विउत्ता अचित्तमिव ।।११।।

जोगा भावाओ पुण तु समयठीतोण कम्मबन्धो त्ति ।
झाणप्पसंहार तिभागसंकुचिय नियदेसो ।।१२।।

लेसा करण णिरोहो जोग णिरोहो य तणुणिरोहेण ।
अह भणिओ विन्नेओ वन्धनिरोहो वि य तहेव ।।१३।।

एसो अजोगिभावो जोगणिरोहेण पत्तगुणगामो ।
अप्पडिवायज्झाणाणी सव्वण्णू सव्वदंसी य ।।१४।।

तम्हा ण ऊण मेत्तो सुहदुक्खाण जिअ सिवं सातं ।
पावइ अलद्ध पुव्वं णिव्वाणमलेस्स णिप्फन्द ।।१५।।

—: चोद्सण्हं गुणट्ठाणाणं अत्थ णिरूपणा कया :—

'बादर काययोग का भी निरोध करता है' सूक्ष्म काययोग के अवलंबन से क्योंकि बादर योग के होने पर सूक्ष्म योग का निरोध नहीं होता है । ७ । सूक्ष्म काय योग के द्वारा सूक्ष्म वचन और मनोयोग का निरोध करता है तब कृष्टिकृत योग में सूक्ष्म क्रिया वाला होता है अपूर्व स्पर्धकों को करके स्थूल काययोग को नष्ट करता है शेष काययोग की तब कृष्टि करता है उस सयोग सूक्ष्म का भी निरोध करते हुए सम्पूर्ण पर्यायों को जानने वाला ध्यान सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाति को प्राप्त होता है । ध्यान के दृढ़ात्म होने पर पुनः अक्रिया रूप काय बतलाया है श्वासोच्छ्वास के लने छोडने को अचित्त की तरह निरोध कर देता है इतना विशेष है कि योग के अभाव में पुनः

